PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 186 ● भिलाई, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### ममता कुलकर्णी का बड़ा फैसला, किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे दिया है। कल ही ममता कुलकर्णी ने कहा था कि भगवा वस्त्र पहनना बीजेपी का या किसी का एजेंट होना नहीं, उन्होंने कहा था कि वो जल्द ही भगवा वस्त्र उतार देंगी। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने वीडियो संदेश जारी कर बताया कि पदाधिकारियों की विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। अब ममता कुलकर्णी का अखाड़े से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है, वह न तो पदाधिकारी हैं और न ही सदस्य। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि ज्योतिष पीठ और संबंधित विवादों के कई ऐतिहासिक पहलू हैं, जिन पर अखाड़ा कोई टिप्पणी नहीं करता। ममता अखाड़े से निकाले जाने के सवाल पर ममता कुलकर्णी ने कहा उन्होंने महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दिया है। वास्तव में महामंडलेश्वर का पद वर्षों के आध्यात्मिक अभ्यास और तपस्या से हासिल किया जाता है।

### शिमला और मनाली में खराब मौसम के कारण पर्यटकों को भारी असुविधा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों मनाली और शिमला में भारी बर्फबारी के कारण हजारों पर्यटक घंटों तक फंसे रहे। सड़क संपर्क टूटने और यातायात प्रबंधन के विफल होने से इन पर्यटकों को भोजन, गर्म कपड़ों और आश्रय के बिना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मनाली में लगभग दो फीट ताजा बर्फबारी हुई है, जिससे 23 जनवरी से नेशनल हाईवे 60 घंटों से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। इस स्थिति ने प्रशासन, सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। बर्फ हटाने का काम अधूरा रहने और वाहनों के फिसलने के कारण मनाली से कोठी तक लगभग 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। कई पर्यटकों ने अपने वाहन छोड़ दिए और पैदल ही होटलों तक पहुँचे, जबकि कई लोगों को पूरी रात कारों के भीतर ही बितानी पड़ी। कुल्लू और मनाली के बीच गोजरा पर 'लेफ्ट बैंक रोड' पर भी भारी जाम देखा गया। यहां स्थानीय निवासियों ने आगे आकर फंसे हुए लोगों को भोजन और शरण दी।

### बजट आंकड़ों का नहीं जन आकांक्षाओं का दस्तावेज होगा :सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधियों से मिले सुझावों पर गंभीरता से विचार कर ऐसा बजट तैयार किया जाएगा जिससे प्रदेश के हर नागरिक के चेहरे पर विश्वास और उम्मीद की मुस्कान आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी 2026-27 का राज्य बजट आंकड़ों का नहीं बल्कि जन आकांक्षाओं का दस्तावेज होगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को पंचकूला में हरियाणा विजन 2047 कार्य योजना पर मंत्री, सांसद और विधायकों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे।

अगले आदेश तक 2012 वाले नियम लागू

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली/ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने) विनियम, 2026 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट में इन विनियमों को सामान्य वर्गों के विरुद्ध भेदभावपूर्ण होने के आधार पर चुनौती दी गई है। ऐसे में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगी दी। अब नए आदेश तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि नए नियम अस्पष्ट हैं। कोर्ट के कहा कि नए यूजीसी नियमों का दुरुपयोग हो सकता है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और यूजीसी के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इन रिट याचिकाओं की सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें जातिविहीन समाज की ओर बढ़ना चाहिए या हम पीछे जा रह हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे। जिन्हें सुरक्षा चाहिए, उनके लिए व्यवस्था होनी चाहिए। इसी के साथ उन्होंने केंद्र और यूजीसी से जवाब मांगा है। साथ ही कहा है कि एक विशेष कमेटी भी बनाई जा सकती है। इसी के साथ नए नियमों की भाषा को स्पष्ट करने के लिए विशेषज्ञों की जरूरत पर भी जोर दिया। वहीं याचिकाकर्ता विनीत जिंदल ने कहा, 'आज, सीजेआई ने हमारी दलीलों की सराहना की। हमें कहना होगा कि यह हमारे लिए बहुत बड़ी जीत है। जैसा कि हम खास तौर पर तीन मुद्दों के बारे में बात कर रहे थे, एक है सेक्शन 3 सी जो जातिगत भेदभाव के बारे में बात करता है और उस खास सेक्शन में, सामान्य जाति को बाहर रखा गया है और बाकी सभी जातियों को शामिल किया गया है। तो, यह खास सेक्शन यह संदेश दे रहा है कि एससी एसटी और ओबीसी के साथ सामान्य जाति द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह सीजेआई के सामने हमारी दलील थी और उन्होंने हमारी दलील की सराहना की और खास तौर पर कहा कि हम जो कह रहे हैं वह सही है और अगर ऐसे सेक्शन हैं, तो यह निश्चित रूप से सामान्य जाति के लिए बहुत कठोर और भेदभावपूर्ण होगा और इसमें संशोधन किया जाना चाहिए। दूसरा हिस्सा इक्विटी कमेटी के संबंध में है जो इन नए यूजीसी सेक्शन के सेक्शन 18 के तहत बनाई गई है। इन खास नियमों में सामान्य समुदाय के लिए कोई खास प्रतिनिधित्व नहीं बताया गया है। सीजेआई ने भी हमारी इस दलील को माना और सुझाव दिया कि एक खास कमेटी बनाई जानी चाहिए, जिसमें शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हों, जिन्हें इस खास विषय का ज्ञान हो और अब यह मामला 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध है और उम्मीद है कि कुछ अच्छा होगा।




### भेदभाव समाज में खाई को और गहरा करेगा

याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि कुछ राजनीतिक नेताओं के बयान सामने आए हैं, जिनमें कहा गया है कि सामान्य वर्ग के छात्रों को शुल्क देना होगा आदि, जिससे चिंता और बढ़ गई है। सुनवाई के दौरान वकील ने कहा कि नियमों के सेक्शन 3 ष की परिभाषा को चुनौती दी गई है, क्योंकि यह जाति आधारित भेदभाव को बढ़ावा देता है। वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि यह प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 का उल्लंघन करता है। उनका कहना था कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह का भेदभाव समाज में खाई को और गहरा करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालत समानता के अधिकार के पहलू पर विचार कर रही है और यह जांचेगी कि क्या ये नियम संवैधानिक कसौटी पर खरे उतरते हैं।

### सामान्य वर्ग को इस नियम के तहत कवर नहीं

विष्णु शंकर जैन ने आगे कहा कि अनुच्छेद 14 में वर्गीकरण को लेकर स्पष्ट सिद्धांत तय हैं और इस पर सुप्रीम कोर्ट के कई फैसले मौजूद हैं। उनके मुताबिक, सेक्शन 3ष अनुच्छेद 14 के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने अदालत से जाति आधारित भेदभाव से जुड़े इस प्रावधान पर रोक लगाने की मांग की। एक अन्य वकील ने तर्क दिया कि यदि कोई छात्र सामान्य वर्ग से है और वह किसी कॉलेज में नया दाखिला लेता है, जहां उसे सीनियर्स द्वारा रैगिंग या उत्पीड़न का सामना करना पड़े, तो उसके लिए नियमों में कोई प्रभावी उपाय मौजूद नहीं है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने आश्चर्य जताते हुए पूछा कि क्या सामान्य वर्ग को इस नियम के तहत कवर नहीं किया गया है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के भीतर मंथन शुरू

# सियासी हलचल.......सुनेत्रा पवार बनेंगी महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री ?

नई दिल्ली/ एजेंसी

महाराष्ट्र की राजनीति इस समय एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन के बाद खाली हुए नेतृत्व के पद को भरने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के भीतर मंथन शुरू हो गया है। हाल ही में वरिष्ठ नेताओं की सुनेत्रा पवार से हुई मुलाकात ने नए कयासों को जन्म दे दिया है। महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारों में उस समय हलचल मच गई जब अजित पवार के अंतिम संस्कार के ठीक बाद एनसीपी के दिग्गज नेता प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल और धनंजय मुंडे सीधे सुनेत्रा पवार के निवास स्थान पहुंचे। इस मुलाकात को केवल शिष्टाचार भेंट नहीं माना जा रहा है, बल्कि इसके पीछे राज्य के भविष्य की सत्ता का समीकरण छिपा हुआ है। सूत्रों की मानें तो पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सुनेत्रा पवार के सामने महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री बनने का औपचारिक प्रस्ताव रखने की तैयारी कर ली है। अजित पवार के निधन से न केवल सरकार में एक बड़ा शून्य पैदा हुआ है, बल्कि बारामती विधानसभा सीट भी रिक्त हो गई है। पार्टी का एक बड़ा धड़ा चाहता है कि सुनेत्रा पवार बारामती से उपचुनाव लड़ें और अजित दादा की विरासत को आगे बढ़ाएं। इस मुलाकात के दौरान केवल पद ही नहीं, बल्कि पार्टी के भविष्य पर भी चर्चा हुई। हालांकि, शरद पवार गुट के साथ विलय की खबरों पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। नेताओं का मानना है कि इस कठिन समय में पार्टी को एक मजबूत चेहरे की जरूरत है जो कैडर्स को एकजुट रख सके। सुनेत्रा पवार, जो पहले से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही हैं, इस भूमिका के लिए सबसे फिट मानी जा रही हैं।



### विजिलेंस ब्यूरो ने वन विभाग के गार्ड और दिहाड़ीदार रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने वन विभाग के गार्ड कुलदीप सिंह और दिहाड़ीदार दर्शन सिंह मेठ को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी वन रेंज कार्यालय नकोदर, जिला जालंधर में तैनात थे। राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपियों को गांव संघोवाल, सब-तहसील महितपुर, जिला जालंधर के एक निवासी द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

चंडीगढ़ में खिला कमल

# मेयर चुनाव में बीजेपी के सौरभ जोशी ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की। चंडीगढ़ के मेयर पद का चुनाव बीजेपी के सौरभ जोशी ने जीता। सौरभ जोशी को 18 वोट मिले, जबकि आम आदमी पार्टी के योगेश ढींगरा को 11 वोट और कांग्रेस उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह गाबी को 7 वोट मिले। चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने कांग्रेस उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह गाबी के पक्ष में वोट किया। इस बार मेयर चुनाव के लिए वोटिंग पार्षदों ने हाथ उठाकर की, जिसकी देखरेख पीठासीन अधिकारी रमणीक सिंह बेदी ने की। बीजेपी उम्मीदवार जसमनप्रीत सिंह ने सीनियर डिप्टी मेयर का पद जीता। उन्हें 18 वोट मिले, जबकि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मुनव्वर खान को 11 वोट मिले। डिप्टी मेयर का पद भी बीजेपी उम्मीदवार सुमन शर्मा ने जीता।



आर्थिक सर्वे से पहले बोले पीएम

# रिफार्म,परफार्म और ट्रांसफार्म बनी सरकार की पहचान-मोदी

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक सर्वे से पहले कहा अपने संबोधन में कहा कि देश का ध्यान इस समय केंद्रीय बजट पर केंद्रित होना स्वाभाविक है, क्योंकि बजट देश की आर्थिक दिशा और विकास की प्राथमिकताओं को तय करता है। लेकिन सरकार की पहचान केवल बजट तक सीमित नहीं रही है। बीते वर्षों में सरकार ने रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म ब की नीति के जरिए देश के विकास को नई गति दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भारत सुधारों की रिफार्म, परफार्म पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह सुधारों की यात्रा केवल सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि संसद के सभी सदस्यों के सकारात्मक सहयोग से इसे लगातार मजबूती मिल रही है। उन्होंने संसद के सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा के कारण सुधारों की यह रिफार्म, परफार्म निरंतर गति पकड़ रही है। देश अब लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के दायरे से निकलकर स्थायी और दूरगामी समाधान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता देश के उज्ज्वल भविष्य और भारतीय युवाओं के लिए नई संभावनाओं का संकेत है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है।



### चंडीगढ़ में 5 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में बुधवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब शहर के पांच प्रमुख स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी एक ईमेल के जरिए भेजी गई थी, जिसके बाद स्कूल प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। धमकी भरा मेल मिलते ही सभी संबंधित स्कूलों ने तुरंत इसकी जानकारी चंडीगढ़ पुलिस को दी। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कुछ स्कूलों में तत्काल छुट्टी का ऐलान कर दिया गया, जबकि अन्य स्कूलों में विद्यार्थियों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालकर पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

राहुल-खड़गे के साथ हुई 90 मिनट की मीटिंग

# केरल में मुख्यमंत्री की कुर्सी चाहते हैं सांसद शशि थरूर

नई दिल्ली/ एजेंसी

कांग्रेस में चल रही अंदरूनी कलह की अटकलों के बीच तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी से अहम मुलाकात की है। संसद भवन में हुई इस बैठक के बाद थरूर के तेवर बदले हुए नजर आए। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से शशि थरूर पार्टी की कई महत्वपूर्ण बैठकों से नदारद थे, जिसके चलते उनकी नाराजगी की खबरें लगातार सुर्खियों में थीं। कई मौकों पर उन्होंने पार्टी लाइन से अलग हटकर बयान भी दिए थे, जिससे माना जा रहा था कि वे पार्टी हाईकमान के रवैये से खुश नहीं हैं। लेकिन मंगलवार को शीर्ष नेतृत्व से मिलने के बाद उनकी बॉडी लैंग्वेज काफी सकारात्मक और बदली हुई दिखाई दी। शशि थरूर ने मंगलवार को संसद भवन में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ करीब 90 मिनट तक लंबी बैठक की। इस बैठक को पार्टी के भीतर पिछले कुछ समय से चल रहे असहज माहौल को शांत करने की एक बड़ी कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। इस बैठक के बाद उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि सब कुछ ठीक है और हम साथ आगे बढ़ रहे हैं। तिरुवनंतपुरम सांसद ने मीडिया के सामने साफकिया कि वे मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं हैं और वह पहले से ही सांसद हैं। उनके इस बयान ने सियासी गलियारों में चल रही तमाम चर्चाओं पर विराम लगा दिया है।



बारामती में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

# पंचतत्व में विलीन हुए अजित पवार,बेटे जय ने दी मुखाग्नि

मुंबई/ एजेंसी

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता अजित पवार का अंतिम संस्कार बारामती के विद्या प्रतिष्ठान मैदान में ससम्मान किया गया। इस भावुक क्षण में, उनके बेटे जय पवार ने उन्हें मुखाग्नि दी। अजित पवार के बेटे,पार्थ और जय ने अपने पिता की अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की। यहां अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार व सुप्रिया सुले भी मौजूद थी। अजित पवार के अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिसमें राजनीतिक दिग्गजों के साथ-साथ उनके हजारों समर्थक भी शामिल हुए। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी। परिवार के सदस्यों और समर्थकों के लिए यह अत्यंत दुखद घड़ी है, क्योंकि महाराष्ट्र की राजनीति में अजित पवार का एक बड़ा और प्रभावशाली कद रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का पुणे जिले के बारामती के विद्या मैदान में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान अजित पवार के पार्थिव शरीर पर लिपटा राष्ट्रीय ध्वज अंतिम संस्कार से पहले उनके बेटे जय पवार को सौंप दिया गया। अजित पवार के अंतिम संस्कार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान गोवा के सीएम प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। अजित पवार के अंतिम संस्कार में भारतीय राजनीति के कई बड़े चेहरे शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। परिवार की ओर से राकांपा प्रमुख शरद पवार, सुप्रिया सुले, सुनेत्रा पवार और प्रफुल्ल पटेल मौजूद रहे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड्णवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी अंतिम दर्शन किए। इनके अलावा गोवा के सीएम प्रमोद सावंत और आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश ने भी दिवंगत नेता को नमन किया। 66 वर्षीय अजित पवार की निधन बुधवार सुबह बारामती हवाई पट्टी के पास एक विमान दुर्घटना में हुई थी। उनका 'लियरजेट' विमान रनवे से महज 200 मीटर की दूरी पर क्रैश हो गया। इस दर्दनाक हादसे में अजित पवार के साथ दो अनुभवी पायलट कैप्टन सुमित कपूर और सह-पायलट शांभवी पाठक, फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली और अजित पवार के निजी सुरक्षा अधिकारी विदीप जाधव की भी जान चली गई। हादसे के कारणों की जांच के लिए नागर विमानन मंत्रालय सक्रिय हो गया है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, खराब दृश्यता के कारण विमान ने हवा में चक्कर लगाया था। एटीसी द्वारा लैंडिंग की अनुमति मिलने के बाद विमान की ओर से कोई 'रीड-बैक' संदेश नहीं मिला और विमान रनवे के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर आग की लपटों में घिर गया। अधिकारियों ने विमान का 'ब्लैक बॉक्स' बरामद कर लिया है, जिससे हादसे की सटीक वजहों का पता चल सकेगा।



### विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया.....

हादसे की जांच के लिए पुलिस ने आकस्मिक मौत (एडीआर) का मामला दर्ज किया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। इसमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर शामिल हैं, जिससे हादसे की असली वजह पता चल सकेगी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, खराब विजिबिलिटी की वजह से विमान को लैंडिंग में दिक्कत हुई थी।

# राज्यपाल द्वारा धमतरी जिले की शिक्षिका प्रीति शांडिल्य सम्मानित

## लोकभवन रायपुर में 2 ब्रेल पुस्तकों एवं 3000 ऑडियो बुक्स का भव्य विमोचन



**धमतरी।** दिव्यांगजनों के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत रायपुर स्थित लोक भवन, सिविल लाइन में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़, रमेन डेका के करकमलों द्वारा दो महत्वपूर्ण ब्रेल पुस्तकों दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानी एवं छत्तीसगढ़ के वीर का विधिवत विमोचन किया गया। इसी मंच से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए तैयार की गई 3000 से अधिक ऑडियो बुक्स का भी लोकार्पण किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी पहल का सशक्त उदाहरण है। इन ऑडियो बुक्स में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विषयों के साथ.साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष प्लेलिस्ट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सरगुजिया कहानियां, छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी में सामान्य ज्ञान, हल्बी, पंजाबी और छत्तीसगढ़ी भाषाओं में अलग.अलग प्लेलिस्ट, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगजनों हेतु सरकारी योजनाओं तथा सहायता संसाधनों से संबंधित उपयोगी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। यह समस्त सामग्री वर्ल्ड ऑडियो बुक यूट्यूब चैनल पर एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने इस अभिनव और मानवीय पहल की भूरी.भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार आप सभी शिक्षकों ने सामान्य पुस्तकों को ब्रेल में अनुवादित कर तथा ऑडियो बुक्स के माध्यम से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, वह वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह कार्य केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि संवेदनशील सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन है। उन्होंने आगे कहा कि मैं अपने गृह राज्य असम में भी शिक्षकों को इस प्रकार की पहल करने के लिए प्रेरित करूंगा, ताकि वहां के दृष्टिबाधित बच्चों को भी इसी तरह सुलभ अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सके। राज्यपाल ने यह भी बताया कि तैयार की गई इन ऑडियो बुक्स को गवर्नर टीम के माध्यम से अन्य राज्यों तक प्रेषित किया जाएगा, जिससे यह पहल राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो सके और देशभर के दृष्टिबाधित विद्यार्थी इसका लाभ प्राप्त कर सकें। इस पुनीत और सेवा भाव से किए गए कार्य के लिए उन्होंने सभी शिक्षकों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस अभियान की प्रेरणा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका के शारदा, दुर्ग को वर्ष 2024 में मिले सम्मान के पश्चात मिली। दृष्टिबाधित बच्चों के अध्ययन की वास्तविक आवश्यकता को समझते हुए उन्होंने 25 अक्टूबर 2024 से इस कार्य की शुरुआत की और स्वयं 800 से अधिक ऑडियो बुक्स तैयार कीं। बाद में विभिन्न जिलों के शिक्षकों के जुड़ने से यह संख्या बढ़कर 3100 तक पहुंच गई। शिक्षिका के शारदा एवं प्रीति शांडिल्य द्वारा पूर्व में संयुक्त रूप से ब्रेल पुस्तकें तैयार कर छत्तीसगढ़ के 20 ब्रेल विद्यालयों को 100-100 प्रतियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इस पुनीत कार्य में योगदान देने वाले शिक्षकों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। गरियाबंद जिले से समीक्षा गायकवाड़, सेजेस राजिम, अनिल कुमार अवस्थी, शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय अमलीपदर एवं संतोष कुमार तारक शासकीय प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा, मैनपुर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस ऑडियो बुक निर्माण अभियान में 30 शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही जिनमें प्रमुख रूप से के शारदा, प्रीति शांडिल्य, ज्योति सराफ शिव कुमार बंजारे, समीक्षा गायकवाड़, चंचला चन्द्रा, रश्मि वर्मा, सुशील पटेल, रिंकल बग्गा, कमलेश कुमार लांझे, हिम कल्याणी सिन्हा, ज्योति बनाफर दीपा महार, महेन्द्र कुमार चन्द्रा, ममता सिंह, संतोष कुमार तारक, बिसेलाल गायकवाड़, अमरदीप भोगल, ब्रजेश्वरी रावटे, मंजू साहू, वर्षा जैन, बलराम नेताम, रजनी शर्मा, अनिल कुमार अवस्थी, परवीन दिवाकर, शांति सोनी, वीरेन्द्र कुमार।

## कानूनी जागरूकता कार्यक्रम: डेटा गोपनीयता दिवस पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**रायपुर।** मैट्स लॉ स्कूल, मैट्स विश्वविद्यालय द्वारा डेटा प्राइवेसी डे के अवसर पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य आम जनमानस को डेटा संरक्षण, डेटा गोपनीयता एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया तथा इसका समन्वयन डॉ. अंकिता शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत पांडा, डॉ. ओमप्रकाश कनोजिया, डॉ. आई. नागमणि देश लहरे सहित अन्य संकाय सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। साथ ही मैट्स लॉ स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम का प्रमुख उददेश्य आम जनता को व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के महत्व, डेटा गोपनीयता कानूनों की जानकारी, तथा ऑनलाइन डेटा धोखाधड़ी, साइबर स्कैम, डिजिटल ठगी एवं हाउस अरेस्ट फ्रॉड जैसे साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करना था। इसके अतिरिक्त, साइबर अपराधों से संबंधित शिकायत मंच, कानूनी उपचार एवं रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कानून के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा, जिसने डेटा गोपनीयता एवं साइबर अपराध जैसे गंभीर विषयों को सरल, रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सशक्त संचालन कैरोल पांडेय द्वारा किया गया। उनके आत्मविश्वासपूर्ण मंच संचालन एवं प्रभावशाली प्रस्तुति ने विद्यार्थियों एवं आम जनता को प्रेरित किया तथा उभरते साइबर खतरों और उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाई। कार्यक्रम की सफलता में तेजपाल एवं मैट्स लॉ स्कूल की छात्रा यशोदा द्वारा साझा किए गए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सावधानियों का विशेष योगदान रहा, जिन्हें उपस्थित जनसमूह द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण उदबोधन मैट्स लॉ स्कूल की छात्रा माधुरी द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर उनके जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला।

## देवभोग विभिन्न क्षेत्र के 35 प्रतिभावानो को मिला देवभोग गौरव सम्मान




**देवभोग।** देवभोग व्यापारी संघ और विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में देवभोग के हाईस्कूल मैदान में एक शाम शहीदों के नाम भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया था राजधानी से पहुंची गर्ल बैंड चिन्हांरी के महिला संगीत कलाकारों द्वारा देश भक्ति गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई आयोजन की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने किया मुख्य अतिथि के बतौर पर जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर,एसपी वेदव्रत सिरमौर के प्रतिनिधि के रूप में एसडीओपी लितेश कुजूर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव,देवभोग नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश तिवारी मंचस्थ रहे क्षेत्र के वीर शहीद सूर्य प्रकाश सोनवानी,भीष्म कुमार यदु,भोजसिंह टाडिल्य के शौर्य गाथा और परिवार के सम्मान के साथ संगीत संध्या का आगाज हुआ सरस्वती मंदिर के छात्रों द्वारा ओप्रीशन सिंदूर पर आधारित देश भक्ति के आयोजन से मंचीय आयोजन की शुरुवात हुई। पहली बार होने जा रहे इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने हाई स्कूल मैदान में 5 हजार भीड़ जुटी आयोजन को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि देवभोग क्षेत्र को उरमाल में हुए एक आयोजन ने जितना शर्मसार किया था,उसकी भरपाई ही नहीं बल्कि नाम रौशन करने वाला यह आयोजन इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा क्षेत्र में मौजूद छुपी प्रतिभा और सार्वजनिक क्षेत्र में अपनी योगदान देने वाले महान हस्तियों को समाज के सामने प्रेरक उदाहरण के रूप रखने का माध्यम बना है यह मंच आयोजन में भाजपा सहकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मुरलीधर सिन्हा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायन तिवारी, स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अलावा भाजपा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे ।

### शिक्षा एवं सार्वजनिक हित में भूमि दान करने वाले को मिला सम्मान

देवभोग के सबसे पहले हाई स्कूल के लिए 5 एकड़ से भी ज्यादा भूमि दान करने वाले स्वर्गीय ठाकुर लैबानो सिंह के सुपुत्र मदन सिंह ठाकुर,महाविद्यालय मार्ग के लिए भूमिदान करने वाले स्वर्गीय राजेश पाण्डेय के सुपुत्र अभिषेक आशीष पांडेय,पानी टंकी एवं संशिम के लिए भूमि देने वाले स्वर्गीय राजेश अग्रवाल के सुपुत्र आशीष अग्रवाल एवं जल संकट दूर करने गांव में स्थानिक तालाब के लिए न केवल जमीन दान बल्कि तालाब खुदवा कर देने वाले सुधीर भाई पटेल को देवभोग गौरव सम्मान से नवाजा गया नशा उन्मूलन की दिशा में बेहतर काम करने वाले ।

### देवभोग थाना प्रभारी को मिला गौरव सम्मान

ताड़ी और देशी मदिरा के फैले नेटवर्क को तोड़ने एक माह के भीतर 25 से भी ज्यादा छोटी बड़ी कार्यवाही कर 30 से ज्यादा नशा के कारोबारी पर कार्यवाही कर क्षेत्र को जानलेवा नशा खोरी से निजात दिलाने वाले देवभोग थाना प्रभारी फैजुल हुदा शाह और बेहतर पुलिसिंग के लिए प्रधान आरक्षक विजय मिश्रा को देवभोग गौरव सम्मान दिया गया नक्सल उन्मूलन में विशेष योगदान के लिए नक्सलियों को सरेंडर कराने वाले पत्रकार पुरुषोत्तम पात्र और उनके सहयोगी गिरीश जगत भी सम्मानित किए गए इसके अलावा अवनीश पात्र को कृषि के क्षेत्र में नवाचार, आर सी वर्मा को पर्यावरण संरक्षण,बिलभद्र यदु को रक्त दान के लिए समर्पण भाव के लिए,धनीराम पारी को उद्यानिकी तो विकास उपाध्याय की टिम को गौरक्षा के लिए,बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बीएमओ डॉक्टर प्रकाश साहू,बीईओ देवनाथ बघेल,योगाचार्य कन्हैया साहू,देवभोग गौरव सम्मान दिया गया पढ़ाई कर अफसर बनने वाले सफल छात्र के लिए डॉक्टर सुयश गर्ग,डॉक्टर मुश्कान तिवारी,डॉक्टर उमा ध्रुव,भूपेश नागेश,गिरजा बघेल,बालकृष्ण नायक,समेत अध्ययन और खेल क्षेत्र के कई प्रतिभावान को देवभोग गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

### मंच से नि:शुल्क हेलमेट वितरण किया गया

मंच में मौजूद उप पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सभा मौजूद हजारों की भीड़ को सड़क सुरक्षा के लिए तय मापदंड और सावधानियों के बारे में बताया।सड़क हादसे में घायल लोगों को बचाने के पुण्य काम के लिए प्रेरित कर वाहन चालकों को हेलमेंट भेंट किया।

## शैक्षणिक परिदृश्य मे बढ़ती अराजकता को लेकर पालक गण व शहर के सुधिजनों ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



**भाटापारा।** शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले स्कूलों मे शैक्षणिक परिदृश्य मे बढ़ती अराजकता को लेकर पालक गण व शहर सुधिजनों ने चिंता व्यक्त करते हुये स्कूलों मे घटित विभिन्न विडंबनाओं मे लगाम लगाये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी इन लोगो को लिखित ज्ञापन सौपा गया विदित हो कि विगत दिनों आत्मानंद विद्यालय मे 10 वीं क्लास के छात्र के साथ प्राणघातक चाकूबाजी जैसी लोमहर्षक घटना हुई और कक्षा दसवीं का छात्र जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहा है, व आईसीयू मे भर्ती है जानकारी मिली है कि हमला करने वाला नवमीं का छात्र उस वक्त वर्जित नशेपान से ग्रसित था, साथ ही साथ यह जानकारी भी सामने आ रही है कि उक्त छात्र नशे का आदी है व आदतन उपद्रवी है, इसके अलावा विद्यालय परिक्षेत्र मे नशे की सप्लाई जैसी गंभीर एवं चिंताजनक आशंका भी उभर कर सामने आ रही है, जो कि सीधे तौर पर नौनिहालों के भविष्य एवं सुरक्षा को लेकर चिंता उत्पन्न करने वाली है,उपरोक्त विकृति का विस्तार कहीं क्षेत्र के अन्य विद्यालय परिक्षेत्र मे तो नही हो गया है इसी आशंका एवं चिंता के मद्देनजर हमारी मांग है कि इस दिशा मे पर्याप्त संजीदगी एवं सक्रियता का परिचय दिया जाए, जिससे विद्यालय परिक्षेत्र मे प्रवेश कर रही अराजकता से निजात मिल सके। जिस अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्यामा पटेल ने स्कूल प्रबंधन के लोगों से बैठक कर दिशा निर्देश जारी किया जायेगा वहीं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी तारेश साहू ने कहा कि स्कूल सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान मे रखे जाने हेतु जल्द शहर के सभी स्कूलों के सभी प्राचार्यो का बैठक कर आगे कि जो भी रुपरेखा होगा चर्चा करने के बाद तैयार किया जायेगा वही विकास खण्ड शिक्षाधिकारी ने भी उक्त घटनाक्रम गम्भीरता से लेने कि बात कही ताकि इस तरहा के खून खराबे का घटनाक्रम स्कूलों मे ना दोहराया जा सके।

## अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव





**रायपुर।** बजाज कालोनी सेक्टर 1 न्यू राजेन्द्र नगर में अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के मूक बधिर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। श्रवण शक्ति नहीं होने के बाद भी संगीत की धुन पर बच्चों के नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलछा, विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, विश्व गिता इस्पात के डायरेक्टर सुधीर सुल्तानिया और सराफा एसोसिएशन के सचिव निलेश शेठ थे। कार्यकम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा व कोषाध्यक्ष दिनेश यदु भी विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी भारतीय ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे में अदभुत शक्ति होता है जरूरत उसे तराशने का है। उपेक्षा के शिकार हुआ करते थे। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने बताया कि हम इन बच्चों को हुनर का प्रशिक्षण दे रहे है। स्कूल में कम्प्यूटर, चित्रकला, मूर्तिकला, नृत्य, खेल आदि सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश गोलछा ने संस्था को बच्चों के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि ऐसे बच्चों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। विशेष अतिथि सुधीर सुल्तानिया ने कहा कि इन बच्चों के बीच आकर असीम शांति मिलती है। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि पिछले पांच वर्षो से लोगों के सहयोग से सफल संचालन किया जा रहा है। दुबे ने कहा कि इस स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ उनका हुनर को भी तराशा जाता है।

## आदि गौड़ ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने किया शिवानी शर्मा का सम्मान



**भाटापारा।** श्री आदि गौड ब्राह्मण समाज महिला शाखा की पूर्व उपाध्यक्ष, मारवाड़ी युवा मंच प्रांतीय चेयरमैन और विप्र फाउंडेशन की प्रदेश मार्गदर्शिका शिवानी शर्मा को अखंड ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष बनाए जाने पर श्री आदि गौड ब्राह्मण समाज महिला शाखा की अध्यक्ष बबीता भृगु के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया एवं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई। नगर के एक होटल में आयोजित छोटे और गरिमामय कार्यक्रम में श्री आदि गौड ब्राह्मण समाज महिला शाखा की अध्यक्ष बबीता भृगु ने कहा कि हमारे समाज के लिए गौरव और हर्ष की बात है कि इस बार हमारे समाज की योग्य महिला को अखंड ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष बना कर उन्हें महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी गई है। शिवानी शर्मा पूर्व में भी समाज की उपाध्यक्ष रहकर सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती रही है और सामाजिक बहनों को एकजुटता प्रदान करने में उनकी अग्रणी भूमिका रही है,उन्हें पूरा विश्वास है कि अखंड ब्राह्मण समाज की सभी महिलाएं भी एकजुटता दिखाते हुए अपने नए अध्यक्ष को पूरा सहयोग प्रदान करेंगी ताकि शिवानी शर्मा अपने दायित्वों और उन्हें मिली जवाबदारी को बखूबी निभा सकें। बबीता भृगु ने आगे कहा कि शिवानी सभी समाज के महिलाओं के मध्य अपने समाज का नाम भी रोशन करेगी। इस दौरान उपस्थित सामाजिक महिलाओं के प्रति शिवानी शर्मा ने कृतज्ञता जाहिर करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं ने शिवानी शर्मा को बुके भेट कर बधाई देते हुए उनका सम्मान किया ।

## लालसोट महिला मंडल, भाटापारा द्वारा नववर्ष एवं मकर संक्रांति पर पिकनिक कार्यक्रम किया गया


**भाटापारा।** लालसोट महिला मंडल, भाटापारा द्वारा नववर्ष एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर एकदिवसीय पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण थगड़ा डेम पिकनिक स्पॉट पर उत्साह, उल्लास और आपसी आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ। इस आनंदमय यात्रा का नेतृत्व लालसोट महिला मंडल की अध्यक्ष नेहा अश्वनी शर्मा ने किया। यात्रा के दौरान सभी प्रतिभागियों के लिए नाश्ते की समुचित व्यवस्था की गई थी, जबकि भोजन की व्यवस्था स्व-वित्तपोषित (सेल्फ पेड) रखी गई। इस पिकनिक यात्रा में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर मोहिनी शर्मा, शकुंतला शर्मा, लालसोट महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष सीमा पुरोहित, सीमा पटाक, सीमा संतोष पुरोहित, वंदना शर्मा, मीता शर्मा, आशा पुरोहित, साक्षी शर्मा, उमा पटाक, संध्या शर्मा, हर्षा शर्मा, यामिनी शर्मा, अनिता शर्मा, ज्योति शर्मा, ममता शर्मा, रेखा शर्मा, बृजलता शर्मा, संगीता शर्मा, अमृता शर्मा, सपना शर्मा, पिंकी अभिषेक शर्मा, पिंकी आनंद शर्मा एवं मीना शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान गेम्स, डांस, अंताक्षरी जैसी मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए गाए गए गीतों की पंक्तियों ने वातावरण को भावनात्मक और आनंदमय बना दिया। सभी सदस्यों ने आपसी मेलजोल, हँसी-मजाक और सौहार्द के साथ इस यात्रा का भरपूर आनंद लिया। प्रकृति की गोद में बसे थगड़ा डेम के मनोरम दृश्य, पार्क में खिले सुंदर फूल, शीतल हवाएँ और मनमोहक प्राकृतिक वातावरण ने सभी का मन मोह लिया। यह पिकनिक यात्रा न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि सामाजिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने तथा एक-दूसरे के साथ यादगार पल साझा करने का भी सशक्त अवसर रही।


## डॉ. जे.के. आडिल चैंपियंस ट्रॉफी का भव्य समापन समारोह संपन्न



**भाटापारा।** मिलन क्रिकेट क्लब, भाटापारा के तत्वावधान में आयोजित डॉ. जे. के. आडिल चैंपियंस ट्रॉफी का जो कि 10 जनवरी से आरम्भ हुआ था उसका भव्य समापन समारोह गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को कल्याण क्लब, भाटापारा में हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका भाटापारा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के भाटापारा अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी द्वारा किया गया। वहीं विशेष रूप से अध्यक्ष मिलन क्रिकेट क्लब अमरजीत सिंह सलूजा, सतीश अग्रवाल, अध्यक्ष कल्याण क्लब, मिलन क्रिकेट के संरक्षक डॉ. विकास आडिल, श्रीचंद छाबड़िया प्रदेश उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, गिरधर गोविंदानी प्रदेश उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, लक्ष्मी नारायण सोनी प्रदेश अध्यक्ष, अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन, कैलाश बालानी, डॉ.अरुण छाबड़ा समाजसेवी, कृष्णा गोयल, योगेंद्र यदु, प्रशांत वर्मा, राजेश शर्मा एवं सभी आयोजक एवं प्रायोजकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा द्वारा टॉस कराकर की गई। चैंपियंस भाटापारा टीम ने टॉस जीता और पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। फाइनल मुकाबले में विजेता आर्यन बिलासपुर उपविजेता चैंपियंस भाटापारा दोनों टीमों ने अनुशासित, रोमांचक एवं उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समापन अवसर पर अध्यक्ष मिलन क्रिकेट क्लब अमरजीत सिंह सलूजा ने मंच से सभी अतिथियों, प्रेस प्रतिनिधियों, सभी सहभागी टीमों, आयोजन समिति एवं सहयोगकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया, साथ ही सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों की निरंतरता की शुभकामनाएँ दीं। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलग जिलों एवं शहरों से लगभग 64 टीमो में भाग लिया। 10 जनवरी से 26 जनवरी तक 17 दिनों तक रात्रि कालीन क्रिकेट का आयोजन किया गया जिसके आकर्षक अजीबो गरीब नियम एवँ इनामों की बरसात के कारण नगर से सबसे प्रसिद्ध मनोरंजन का साधन बना रहा जिसका आनंद लेना मैदान में दर्शकों की खचाखच भीड़ बनी रही। मिलन क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष अमरजीत सलूजा, उपाध्यक्ष बजरंग ध्रुव, सचिव सचिन मसीह, एवं सदस्यों के द्वारा मेहनत कर टूर्नामेंट सफल रहा।

## भाटापारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस: नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण





**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद भाटापारा में 77वें गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही धूमधाम और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम नगर पालिका परिसर और फ़िल्टर प्लांट में आयोजित किए गए, जहाँ विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया तथा फिल्टर प्लांट परिसर में उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया ने तिरंगा फहराया। इस पूरे आयोजन में पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य अतिथियों द्वारा जल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और मिशन क्लीन सिटी के नए वाहनों का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही, पंचम दीवान स्कूल के छात्रों द्वारा सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष अभियान की सराहना की गई, जिसमें बच्चों को सोशल मीडिया के सीमित और सही उपयोग की सलाह दी गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र वितरण किया गया। नगर पालिका के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी। शहर के सबसे स्वच्छ स्कूल, अस्पताल और भोजनालय (होटल)। स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रबुद्ध नागरिक। शिवरतन शर्मा ने कहा संविधान की शक्ति को याद करने का है। नगर पालिका भाटापारा द्वारा स्वच्छता और जनसेवा के लिए जो नए वाहन समर्पित किए गए हैं, वे शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। बच्चों द्वारा सोशल मीडिया जागरूकता की पहल सराहनीय है, क्योंकि सशक्त युवा ही सशक्त भारत की नींव हैं। अश्वनी शर्मा ने कहा हमारा लक्ष्य भाटापारा को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना है। लोकार्पित किए गए वाहन इस संकल्प को पूरा करने में मदद करेंगे। मैं उन सभी कर्मचारियों और नागरिकों को बधाई देता हूँ जिन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। हम मिलकर भाटापारा को प्रदेश का आदर्श शहर बनाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति सतीश तलरेजा, मनीष मिश्रा, पार्षद सतीश साहू, संध्या राजेश साहू, ठाकुर राम साहू, नंदकिशोर वैष्णव, रमशीला लिकेश साहू, श्रेणिक गोलछा, भुवन सिंह ठाकुर, गेदराम साव, चन्द्रप्रकाश ध्रुव, उमाशंकर वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र साहू योगेश अनंत, दशरथ साहू, गोवर्धन डहरिया, शुभम राजपूत, मनीष पंजवानी, प्रकाश ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओम प्रकाश रात्रे, मोहन बांधे, पूर्व जिलमहामंत्री राकेश तिवारी, धरम चंद जैन तेजप्रकाश जैन अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मनिंदर सिंह गुम्बर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील यदू कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल,पूर्व मंडल अध्यक्ष महाबल बघेल, भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग मंत्री आशीष जायसवाल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा अविनाश शर्मा,सलीम खान,नितिन भोजवानी सुरज भोई, पीयूष साहू, सुरेंद्र डागोर, आयशा खान, मधु सोनी, नीरा साहू, तनुजा घृतलहरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान, कार्यपालन अभियंता अमरनाथ अवधिया, उप अभियंता विनोद यादव राजस्व निरीक्षक अजय नायडू सहायक ग्रेड 2 पूर्णेन्दु त्रिवेदी निरीक्षक देव कुमार बंजारे सहायक ग्रेड 3 आनंद कुमार राठौर, सहायक ग्रेड 3 धनेश साहू सहायक राजस्व निरीक्षक विपीन शर्मा, सुरेंद्र जांगडे, प्रीति ध्रुव शीतला यादव रवि ध्रुव अभिषेक पांडेय राकिब बाठिया संजय बंजारे, गजहस ठाकुर, प्रेम साहू, धनेश तिवारी हेमलाल साहू, हेमलाल वर्मा, केशव वैष्णव,सचिन मसीह, प्रीति ध्रुव, विकास वैष्णव, सौरभ ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर लक्मन साहू, हेमलाल रजक तथा निकाय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, ठंड के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश के भी आसार

**रायपुर।** जनवरी का महीना अब समाप्ति की ओर है, लेकिन छत्तीसगढ़ में ठंड का असर अभी भी बना हुआ है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। ठंड के साथ-साथ कुछ इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल दो मौसम तंत्र सक्रिय हैं और जल्द ही एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी उत्तर भारत में प्रवेश करेगा। इसके प्रभाव से 28 जनवरी को उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश और गरज-चमक हो सकती है। इसके बाद प्रदेश में न्यूनतम तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने के आसार हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे छत्तीसगढ़ में मौसम शुष्क बना रहा। इस दौरान कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई। राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा। बीते कुछ दिनों से रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी जा रही थी, लेकिन अब फिर से ठंड बढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 30 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जिसका असर छत्तीसगढ़ में भी महसूस किया जाएगा। 27 जनवरी को प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 28 और 29 जनवरी को सरगुजा और आसपास के बिलासपुर संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट आ सकती है, जबकि अन्य जिलों में तापमान में खास बदलाव नहीं होगा। राजधानी रायपुर में सुबह के समय हल्की धुंध देखने को मिली। दिन में मौसम साफ रहने की संभावना है और अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सुबह और रात के समय ठंड से बचाव के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है।

### देशभर में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल, छत्तीसगढ़ में भी बैंकों का कामकाज ठप

**रायपुर।** बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सरकारी बैंकों में कामकाज ठप है, जबकि प्राइवेट बैंकों पर इसका असर नहीं है. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर इस हड़ताल का आह्वान किया है. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस बैंक कर्मचारियों ने मंगलवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल शुरू की है, जिसका असर छत्तीसगढ़ राज्य में भी देखने को मिल रहा है। बैंक कर्मचारी राज्यों के हर जिले में अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस वजह से आज बैंक भी बंद हैं। बता दें कि अलग-अलग वजह से बैंक बंद होने का ये लगातार चौथा दिन है। छत्तीसगढ़ में 25 हजार कर्मचारी हड़ताल पर ह। ध्यान रहे कि बीते शुक्रवार (23) जनवरी को बैंक खुले थे, 25 जनवरी को महीने का चौथा शनिवार था, इसलिए बैंक बंद थे। 25 को रविवार और 26 जनवरी (सोमवार) को गणतंत्र दिवस के कारण बैंक बंद थे। चौथे दिन मंगलवार को कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से बैंक बंद है। चार दिन से बैंक बंद होने के चलते बैंक ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक कर्मी पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि हमारे साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं में बैंकर्स का बहुत बड़ा योगदान है। दो साल पहले एग्रीमेंट के दौरान आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक लागू नहीं किया है। कर्मचारियों का कहना है कि बैंकर्स का काम फायनेंशियल से जुड़ा है। जब सभी विभागों सेबी में फाइव डे वर्किंग है तो बैंकिंग सेक्टर में क्यों नहीं दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक सहित सभी बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

### सीडी कांड में सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट जाएंगे भूपेश बघेल, चंद्राकर बोले- देर हो गई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चर्चित सेक्स सीडी कांड में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर फिर से मुकदमा चलाया जाएगा। इसके खिलाफ वे अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे. इसके पहले मार्च 2025 में सीबीआई की विशेष अदालत ने भूपेश बघेल को सभी आरोपों से बरी कर दिया था, जिसके खिलाफ सीबीआई ने सेशन कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दाखिल किया था। वहीं अब भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इस मामले को लेकर निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सेशन कोर्ट के फैसले के बाद मीडिया से चर्चा में कहा, यह मामला पूरी तरह न्यायिक प्रक्रिया के तहत चल रहा है। उन्हें पहले ही इस केस से डिस्चार्ज किया जा चुका था, लेकिन अब सीबीआई की अपील पर सेशन कोर्ट में अपील की थी। न्यायालय ने फैसला दिया, अब उस फैसले के विरोध में हम लोग हाईकोर्ट जाएंगे। वहीं भूपेश बघेल के हाई कोर्ट जाने के सवाल पर विधायक अजय चंद्राकर ने निशाना साधते हुए कहा, मामले में राजनीति नहीं किया जाना चाहिए था वहां तक गई।

**मुख्यमंत्री ने किया छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज के दो दिवसीय महाअधिवेशन का भव्य शुभारंभ**

# मुख्यमंत्री ने सामुदायिक भवन के लिए 30 लाख की घोषणा की

■ मुख्यमंत्री श्री साय को कुमारी अंकिता प्रजापति और श्री दुर्गेश चक्रधारी ने भेंट की उनकी पेंटिंग

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज के दो दिवसीय राज्य स्तरीय महाअधिवेशन का शुभारंभ आज नवागांव, अभनपुर में भव्य रूप से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर कुम्भकार समाज की परंपरागत कला, संस्कृति और सामाजिक एकता का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। श्री साय ने समाज के विकास हेतु सर्व सुविधायुक्त भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतीक चिन्ह के रूप में कुम्हार समाज की कला एवं संस्कृति को दर्शाता हुआ चाक गढ़ता कुम्हार भेंट किया गया, जो कुम्भकारी कला की पहचान और श्रम-साधना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज के महाअधिवेशन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन की शुरुआत महाराष्ट्र के दिवंगत उप राष्ट्रपति स्वर्गीय अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की और ईश्वर से उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने परिचय सम्मेलन में शामिल युवक-युवतियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मेलन समाज के बेटा-बेटियों को योग्य जीवन-साथी चुनने का सशक्त मंच प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने समाजजनों से अपील की कि वे अपने समाज के प्रत्येक बेटा-बेटी को शिक्षा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं है, बल्कि एक सफल, संस्कारित और जिम्मेदार मानव जीवन जीने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



छत्तीसगढ़ इस वर्ष अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है और इन 25 वर्षों में प्रदेश ने सड़क, बिजली, पानी, खाद्यान्न, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव-गांव को डामर सड़कों से जोड़ा गया है। प्रदेश में महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि हुई है तथा मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की उपलब्धता भी अब व्यापक स्तर पर हो गई है, जिससे युवाओं को अपने ही राज्य में उच्च शिक्षा के अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान सरकार ने मात्र दो वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा कर दिया है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ तेज़ी से किया जा रहा है और किसानों को बोनस राशि चार किश्तों में नहीं, बल्कि एकमुश्त उनके खातों में अंतरित की जा रही है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना से माताओं-बहनों को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक 40 हजार से अधिक रामभक्त अयोध्या जाकर दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि बीते दो वर्षों में सुरक्षाबलों ने साहस और दृढ़ता के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। अब नक्सलवाद अंतिम चरण में है और 31 मार्च 2026 तक देश से इसके पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि बस्तर में अब विकास की नई यात्रा शुरू हो चुकी है और सुरक्षा कैंपों की स्थापना से क्षेत्र में शांति और विश्वास का माहौल बना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नई उद्योग नीति की सराहना करते हुए कहा कि इस नीति को देश-विदेश में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

## गुपचुप विवाद में एयरगन फायरिंग छात्रा घायल; दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/ संवाददाता

जिले के करही चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरा में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब खैरा हायर सेकेंडरी स्कूल के पास एयरगन से फायरिंग की घटना सामने आई। इस घटना में एक छात्रा के पैर में छर्रा लग गया। घायल छात्रा को तत्काल जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका सफल उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार छात्रा की हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार, घटना के समय स्कूल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। दोपहर करीब 3:30 बजे कुछ छात्राएं स्कूल के पास गुपचुप खाने गई थीं। ठेले पर पहले से ज्यादा बुकिंग होने के कारण गुपचुप खत्म हो चुका था, जिस पर वहां मौजूद एक व्यक्ति का छात्राओं से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी गुस्से में वहां से चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ देर बाद आरोपी वापस लौटा और अचानक एयरगन से फायर कर दिया। फायरिंग के दौरान निकला छर्रा पास खड़ी एक छात्रा के पैर में जा लगा। गोली चलने की आवाज से स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और छात्र-छात्राएं व शिक्षक दहशत में आ गए। आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल छात्रा को स्कूल स्टाफ और शिक्षकों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एक्स-रे के बाद डॉक्टरों ने पैर में फंसे छर्रे को निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी गुपचुप पैक कराने आया था और मना किए जाने पर नाराज होकर बाद में फायरिंग की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुरलीधर ध्रुव (25 वर्ष) और देवनाथ जायसवाल (29 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से एक एयरगन भी बरामद की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### धान खरीदी की तिथि बढ़ाने पर शासन कर रही विचार :कृषि मंत्री रामविचार नेताम

**रायपुर।** प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने संकेत दिया है कि प्रदेश में धान खरीदी की तिथि बढ़ाई जाएगी। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से भी चर्चा की है। ज्ञात रहे धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में धान खरीदी के लिए मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। खाद्य विभाग द्वारा इसके लिए राशि दी जाती है तथा सहकारी समिति द्वारा इसकी खरीदी की जाती है। इसके पहले कृषि विभाग द्वारा एग्रेटेक पोर्टल बनाया जाता है, जिसमें राजस्व विभाग के अंतर्गत भूमि का पंजीयन किया जाता है। राज्य में अभी तक एक लाख 10 हजार से अधिक मीट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। 22 लाख से अधिक किसानों का धान खरीदा जा चुका है।

**समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने आरोपों को बताया निराधार**

## यह उनकी धार्मिक छवि को खराब करने का प्रयास........

रायपुर। संवाददाता

समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने एक पत्रकारवार्ता आयोजित कर अपने ऊपर मीडिया और सोशल मीडिया में चल रहे आरोपों को एक सोची-समझी और राजनीति से प्रेरित साजिश बताया है। उन्होंने इन सभी खबरों का पुरजोर खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि उनकी छवि धूमिल करने वाले सभी लोगों को जल्द ही कानूनी नोटिस भेजा जाएगा। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए बसंत अग्रवाल ने कहा, यह पहली बार नहीं है जब मेरी छवि को खराब करने का प्रयास किया गया हो। इससे पहले भी बिना किसी तथ्य और जानकारी के मेरा नाम खराब करने का षड्यंत्र किया जा चुका है। यह एक सोची-समझी



राजनीति से प्रेरित साजिश है। श्री अग्रवाल ने कहा, मैं लगातार धर्म का काम कर रहा हूँ, जिसके कारण कुछ वामपंथी लोग परेशान हैं। जो लोग धर्म की आड़ में हमारी सनातन संस्कृति या धर्मगुरुओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करेंगे, उन्हें माफ नहीं किया जाएगा। मेरे जीवन में सनातन धर्म और संस्कृति से बढ़कर कुछ भी नहीं है। श्री अग्रवाल ने कहा, जो व्यक्ति मुझ पर आरोप लगा रहा है वह संगवारी ढाबा के आड़ अवैध शराब बिक्री जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है, जिसके विरुद्ध पुलिस ने भी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने मुझ पर जो आरोप लगाया है वह बेबुनियाद है, यह उन्हें शोभा नहीं देता। बसंत अग्रवाल ने कहा कांग्रेस नेता पप्पू बंजारे, सीके नायक, सीजी बॉक्स न्यूज़ देवेश तिवारी, आईबीसी 24 न्यूज़ रिपोर्टर संदीप शुक्ला, मिरर छत्तीसगढ़ न्यूज़ सोमा देवांगन सहित जिस-जिस व्यक्ति ने सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से उनकी छवि खराब करने की कोशिश की है, उन्हें जल्द ही लीगल नोटिस भेजा जाएगा।

## विद्यालय भवन केवल ईंट-गारे का ढांचा नहीं,बच्चों के भविष्य की नींव

■ सेंट जेवियर्स के नवनिर्मित भवन का उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

रायपुर। संवाददाता

उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज कोंडागांव में सेंट जेवियर्स स्कूल के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत रूप से भवन का उद्घाटन कर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि विद्यालय भवन केवल ईंट-गारे से बना ढांचा नहीं होता, बल्कि यहीं से बच्चों के चरित्र, संस्कार और भविष्य का निर्माण होता है। श्री साव ने कहा कि उन्होंने स्वयं अपने बचपन में सीमित संसाधनों और मिट्टी से बने विद्यालय भवन में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की, जबकि आज के समय में बच्चों को सर्वसुविधायुक्त विद्यालय भवन उपलब्ध हैं। यह समय का सकारात्मक परिवर्तन है, जिसका सही उपयोग कर बच्चों को आगे बढ़ना चाहिए। श्री साव ने कहा कि सेंट जेवियर्स स्कूल समूह देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है और शिक्षा जगत में उसकी एक विशिष्ट पहचान है। इस नवनिर्मित भवन से कोण्डागांव जिले में शिक्षा को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। कमजोर और निराश व्यक्ति कभी सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। ऊर्जावान और सकारात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति हमेशा आगे बढ़ता है। श्री साव ने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर नए उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य से पहले जीवन की सही दिशा तय करने की सलाह दी और कहा कि नई ऊर्जा, अनुशासन और संकल्प के साथ पढ़ाई में स्वयं को झोंक दें, सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने नवनिर्मित विद्यालय भवन के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दीं।

### श्रम योगी मानधन एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक संपन्न

**रायपुर।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक सीईओ, जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के लाभ, पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया एवं प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अधिकारियों, श्रम निरीक्षकों एवं ग्राम स्तरीय उद्यमियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक असंगठित श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा ग्राम एवं नगरीय स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से योजनाओं की सफलता के लिए सक्रिय सहयोग करने के निर्देश भी दिए। योजना के लाभ एवं पात्रता प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो तथा मासिक आय 15,000 रुपये या उससे कम हो, पात्र हैं। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु के बाद 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन तथा लाभार्थी की मृत्यु होने पर जीवनसाथी को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन का प्रावधान है।

## राष्ट्रीय जनजाति आयोग जनजातीय समुदायों का करती है संरक्षण-आशा



■ मुख्यमंत्री साय की सरकार जनजातियों के हित में कर रही सराहनीय कार्य

रायपुर/ संवाददाता

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने राजनाधी रायपुर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि आयोग जनजातीय समुदायों का संरक्षण और संवर्धन करती है। आयोग के प्रतिनिधिगण देशभर में राज्य, जिला, ब्लॉक और गांव स्तरीय पर जाकर वहां जनजातीय समुदायों से मिल रहे हैं, उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं तथा त्वरित गति से समाधान के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में इन समुदायों की समस्याओं और आवश्यकताओं के संबंध में राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को अवगत भी कराया जा रहा है। आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार जनजातियों के हित में सराहनीय कार्य कर रही है, उनके नेतृत्व में केन्द्र तथा राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, परंपरा के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना, धरती आबा, ग्रामीण उत्कर्ष अभियान आदि के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज भिलाई स्थित ट्रिपल आईटी और रायपुर के एनआईटी कैंपस का दौरा किया और दोनों संस्थानों के निदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारी, प्रोफेसरों से समीक्षा बैठक हुई । विद्यार्थियों, शिक्षकों और से चर्चा हुई। विद्यार्थियों ने चर्चा के दौरान बताया कि वे बस्तर और सरगुजा संभाग के दूरस्थ अंचलों से आकर इन संस्थानों के माध्यम से राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मिलकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं परंपरा तथा खान-पान को भी सहेजने का काम करें। राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. लकड़ा ने कहा कि प्रदेश में ऐसे जनजातीय समुदाय जिन्होंने किसी कारखानों, संस्थानों, उद्योगों के लिए अपना जमीन दिया है उन्हें क्या लाभ हो रहा है, इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है, वहीं स्थापित उद्योगों, संस्थानों में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्तियों की भी समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार जनजातीय क्षेत्रों के संरक्षण के लिए एफआरए कानून लाया है, इसके तहत इन वर्गों को किस तरह से लाभ मिल सकेगा इस हेतु समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पेशा कानून के तहत 5वीं अनुसूची के अंतर्गत आने वाले नियमों के पालन की भी जानकारी ली जा रही है।

**पुलिस विभाग को 08 नए साइबर थानों समेत पुलिस आवासीय भवनों की मिली सौगात**

# मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के 255 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का किया गया वर्चुअली लोकार्पण

■ आधारभूत सुविधा मिलने से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सकारात्मक वातावरण में कार्य करने की मिलेगी प्रेरणा : मुख्यमंत्री साय

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से वर्चुअली जुड़कर विभिन्न जिलों में 8 नए साइबर थानों और 255 करोड़ रुपए की लागत से तैयार पुलिस आवासीय भवनों तथा थाना भवनों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों और पुलिस के जवानों को इस विशेष पहल के लिए शुभकामनाएं



दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर कहा कि आज का दिन पुलिस विभाग के लिए अत्यंत सौभाग्य का है, क्योंकि 255 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रेजेंटेशन के माध्यम से हमने देखा कि साइबर थाना, एसडीओपी कार्यालय, चौकी भवन, ट्रांजिट हॉस्टल एवं आवासीय भवन अत्यंत सुंदर और सुविधाजनक बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए संबंधित एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि इन सुविधाओं से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सकारात्मक वातावरण में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और वे अपने कर्तव्यों का और अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। श्री साय ने कहा कि सरकार का सतत प्रयास है कि कर्मचारियों और अधिकारियों को बेहतर आवास एवं कार्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है और इससे सुदूर अंचलों तक भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सकेगा। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अनेक स्थानों पर साइबर पुलिस थानों की शुरुआत की जा रही है। आज जशपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव जिलों सहित कुल 8 नए साइबर थानों का शुभारंभ किया गया है। इससे पूर्व प्रदेश के पांच जिलों में साइबर थाना संचालित हैं। भविष्य में आवश्यकता के अनुसार अन्य जिलों में भी साइबर थाने स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही चार जिलों में भारत वाहिनी के कैंपस, नौ जिलों में नए थाना भवन, माना में सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की चौकी तथा आवासीय भवनों का भी लोकार्पण किया गया।

## संपादकीय

# स्वच्छ ईंधन की चेतावनी, जलवायु संकट और गहराएगा

जीवाश्म ईंधन के अंधाधुंध इस्तेमाल से बढ़ते जलवायु संकट के बीच पूरी दुनिया में स्वच्छ ईंधन की जरूरत महसूस की जाने लगी है। मगर इस दिशा में प्रयास बहुत कम हो रहे हैं। स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर योजनाएं तो बन रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की गति बेहद धीमी है, जबकि जीवाश्म ईंधन पर अब भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता तो है, लेकिन इससे निपटने के उपायों पर गंभीरता से काम नहीं हो पा रहा है। विश्व आर्थिक मंच की ओर से हाल में जारी एक रपट में भी इसका उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ ईंधन से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वर्ष 2030 तक निवेश को चार गुना बढ़ा कर सालाना सौ अरब डालर करने की आवश्यकता है। जाहिर है कि अगर इस तरह की चेतावनियों और सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि दुनिया भर में इस समय स्वच्छ ईंधन पर सालाना करीब पच्चीस अरब डालर ही निवेश हो रहा है। दरअसल, स्वच्छ ईंधन को लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन इससे संबंधित योजनाओं की लागत अधिक होने से कई देश पीछे हट जाते हैं। वहीं सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहे विकसित देश खुद इसमें कटौती करने के बजाय छोटे और विकासशील देश पर नाहक दबाव बनाते रहे हैं। ऐसे में स्वच्छ ईंधन को साझा प्रयासों से प्रोत्साहित करने का वैश्विक लक्ष्य कहीं पीछे छूट जाता है। इसमें दोराय नहीं कि जलवायु संकट से निपटने की दिशा में स्वच्छ ईंधन अहम भूमिका निभा सकता है। इसके इस्तेमाल से उद्योगों और परिवहन क्षेत्र में बढ़ते उत्सर्जन को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। लिहाजा स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने के लिए न केवल भरोसेमंद और निवेश-योग्य परियोजनाएं बनानी होंगी, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू भी करना होगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर इस्तेमाल से पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। इस संकट से बचने के लिए स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा ही बेहतर विकल्प है।

# केरल, कर्नाटक और तेलंगाना- पहले दिन ही ताबड़तोड़ ऐलान कर नितिन नवीन ने अपने इरादे बता दिए

(संतोष कुमार पाठक)

बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सामने सबसे बड़ी या यूं कहें कि सबसे पहली चुनौती आगामी विधानसभा चुनाव है। क्योंकि पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही नवीन के पास होने या फेल होने की चर्चाएं शुरू हो जाएंगी।




देश की सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी को अब तक का अपना सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ( 45 वर्ष) के रूप में मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और जेपी नड्डा समेत कई अन्य दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में नितिन नवीन ने मंगलवार, 20 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया।

बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सामने सबसे बड़ी या यूं कहें कि सबसे पहली चुनौती आगामी विधानसभा चुनाव है। क्योंकि पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही नवीन के पास होने या फेल होने की चर्चाएं शुरू हो जाएंगी। दक्षिण भारत के राज्यों में पार्टी का जनाधार बढ़ाना और कर्नाटक में पार्टी को फिर से सत्ता में लाना भी उनके सामने एक बड़ी चुनौती होगी। यह चुनौती उनके पहले दिन के फैसलों में भी साफ-साफ नजर आती है।

पार्टी अध्यक्ष का कार्यभार संभालते ही उन्होंने पहले दिन ही ताबड़तोड़ अंदाज में केरल, तेलंगाना, बेंगलुरू और चंडीगढ़ के लिए चुनाव प्रभारी और चुनाव सह प्रभारियों की नियुक्तियां कर अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। पहले दिन ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नवीन को क्यों अपना बॉस बताया था, यह कुछ घंटे बाद ही साफ हो गया क्योंकि जिन नेताओं को नितिन नवीन के आदेश से नई जिम्मेदारी दी गई है,उसमें कई नाम बहुत ही चौंकाने वाले हैं।

नवीन ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के पहले ही दिन, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को केरल विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त करने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही तावड़े को चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया है। तावड़े बिहार के प्रभारी भी हैं। तावड़े के साथ ही केरल में चुनाव के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। शोभा करंदलाजे कर्नाटक से सांसद हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर जेपी नड्डा तक, केरल हमेशा से ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है। नवीन पहले दिन से ही इस अभियान में जुट गए हैं। दक्षिण भारत में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने की चुनौती में कर्नाटक भी शामिल हैं। कर्नाटक दक्षिण भारत का वह राज्य है, जहां सबसे पहले कमल खिला था लेकिन आज वहां कांग्रेस की सरकार है। शायद यही एक बड़ी वजह है कि एक चौंकाने वाला फैसला करते हुए राम माधव जैसे दिग्गज नेता को ग्रेटर बेंगलुरु निगम चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी बनाया गया है।राम माधव अमित शाह के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। राम माधव के साथ ही राजस्थान बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया और महाराष्ट्र के विधायक संजय उपाध्याय को चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

तेलंगाना में होने वाले नगर निगम चुनावों को भी पूरी गंभीरता से लेते हुए नितिन नवीन ने पहले ही दिन तीन बड़े नेताओं को वहां की जिम्मेदारी थमा दी है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष शेलार को वहां का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। शेलार नितिन नवीन के साथ काम कर चुके हैं, महाराष्ट्र युवा मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के काफी करीबी माने जाते हैं। उनके साथ ही राजस्थान बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी एवं हरियाणा से राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा को चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इन नियुक्तियों से यह बात पूरी तरह से स्पष्ट हो गई है कि बतौर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को कर्नाटक, तेलंगाना , केरल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम जैसे राज्यों में चुनावी जीत हासिल कर, अपनी क्षमता को साबित करना ही होगा। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

**संघ प्रमुख मोहन भागवत के 10-12 वर्षों में जातिवाद खत्म करने के बयान के बीच, यह विश्लेषण पड़ताल करता है कि क्या आरएसएस के 'सामाजिक समरसता' प्रयास केवल हिंदू एकता के लिए एक राजनीतिक उपकरण हैं। लेख जातिवाद की गहरी सामाजिक-राजनीतिक जड़ों और आरक्षण जैसे मुद्दों को देखते हुए भागवत के प्रयासों की व्यावहारिकता और मंशा पर सवाल उठाता है। प्राचीनकाल में मनुस्मृति से लेकर आधुनिक काल के संविधान तक हिंदू समुदाय में जिस जातिवाद को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में बढ़ावा दिया गया, वह अब दुनिया के तीसरे बड़े धर्म सनातन (हिन्दू) के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। जिस तरह से सियासी गोलबंदी के लिए जातिवाद को हवा दी जा रही है, वह किसी लोकतांत्रिक कलंक से कम नहीं है।**

# क्या हिंदुओं की जातीय मानसिकता को बदल पाएंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत?

(कमलेश पांडेय )

अब तो प्रशासनिक और न्यायिक निर्णय भी इसे हवा देते प्रतीत हो रहे हैं।

मसलन, इससे निरंतर कमजोर हो रहे हिन्दू समाज की एकजुटता के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की चिंता स्वाभाविक है। यह उन जैसे सैकड़ों मशहूर लोगों के लिए भी सार्वजनिक चिंता का विषय रहा है। लेकिन हमारी संसद और सरकार के लिए यह कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि जातिवादी खिलौने से मतदाताओं को फुसलाने के संवैधानिक तरकीब उसने विकसित कर लिए हैं और आधिकारिक निर्णयों में भी इसका भौंडा प्रदर्शन दिखाई दे जाता है।

बता दें कि विगत 18 जनवरी 2026 को छत्रपति संभाजीनगर में संघ सरचालक मोहन भागवत ने कहा कि जातिगत भेदभाव समाप्त करने के लिए जाति को मन से मिटाना होगा, जो ईमानदारी से करने पर 10-12 वर्षों में संभव है। एक तरह से उनका यह बयान जातिवाद की गहरी जड़ों को देखते हुए आशावादी तो लगता है, लेकिन इसकी व्यवहारिकता पर सवाल उठते हैं क्योंकि जाति भारत की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक संरचना में गहराई से बसी हुई है।

अब तो संविधान से लेकर जनगणना तक इसने घुसपैठ कर ली है। इसलिए जब तक सत्ता प्रतिष्ठान को सद्बुद्धि नहीं आएगी, तबतक जाति मुक्त भारत या हिन्दू समाज की परिकल्पना बेमानी प्रतीत होती है। इसलिए यक्ष प्रश्न पुनः समुपस्थित है कि क्या हिंदुओं की जातीय मानसिकता को बदल पाएंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत? क्या जाति आधारित आरक्षण सम्बन्धी सोच को बदल पाएंगे मोहन भागवत? क्योंकि जबतक ऐसा नहीं होगा, उनकी तमाम कोशिशें नाकाफी प्रतीत होंगी!

फ़िलवक्त मोहन भागवत ने बताया कि जाति मूल रूप से पेशे से जुड़ी थी, लेकिन बाद में भेदभाव का कारण बनी। उन्होंने जोर दिया कि कानून या घोषणाओं से नहीं, बल्कि मानसिकता बदलने से यह जटिल समस्या हल होगी। देखा जाए तो यह युगांतरकारी विचार पहले भी व्यक्त किया गया है, जैसे 2023 में जाति को 'पंडितों की देन' उन्होंने ही बताया था, लेकिन नेताओं और



नौकरशाहों की संवैधानिक हठधर्मिता शायद उन्होंने विस्मृत कर डाली, ताकि आरक्षणवादी कोहराम न मचाएं।

कहना न होगा कि जातिवाद मुक्त भारत और हिन्दू समाज की राह में कई व्यवहारिक चुनौतियाँ भी हैं क्योंकि जातिवाद ग्रामीण रोजगार, विवाह और राजनीति में प्रबल है, जहां आरक्षण और वोट बैंक इसे बनाए रखते हैं। भले ही प्रतिक्रियाओं में इसे 'चुनावी जुमला' कहा गया, क्योंकि ऐसे बयान कार्रवाई में नहीं बदलते। यही वजह है कि सामाजिक सुधारों के बावजूद, अंतरजातीय विवाह कम हैं और भेदभाव जारी है।

यह ठीक है कि इस दिशा में जारी ईमानदार प्रयास से जागरूकता बढ़ सकती है, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति और कानूनी सख्ती के बिना 10-12 वर्षों का लक्ष्य अवास्तविक लगता है। फिर भी यदि यह पुनीत सपना साकार होता है तो इससे नागरिक समाज, शिक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण में सहायता मिल सकती है। वहीं नागरिक समाज, शिक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण से ही यह पवित्र सपना साकार होगा।

देखा जाए तो आरएसएस ने जातिवाद समाप्ति के लिए लंबे समय से सामाजिक समरसता व सामाजिक सद्भाव को प्रमुख लक्ष्य बनाया है, जिसमें जागरूकता अभियान, गांव-स्तरीय प्रयास और शाखाओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना शामिल है। हालांकि, आलोचक इसे सतही मानते हैं क्योंकि संगठन की आंतरिक संरचना और ऐतिहासिक रुख में जातिगत प्रभाव दिखता रहा है।

बावजूद इसके, आरएसएस ने 2023 से 'सामाजिक समरसता परियोजना' शुरू की, जिसमें 13,000+ गांवों में कुओं, श्मशानों और मंदिरों में दलित प्रवेश पर रोक हटाने का सर्वे और जागरूकता अभियान चलाया। वहीं संघ शाखाओं (95,000+) के जरिए कार्यकर्ता गांवों, स्कूलों और मंदिरों में जाकर छुआछूत विरोधी संदेश फैलाते हैं, साथ में सामूहिक भोज के द्वारा भोजन करते हैं और सामूहिक विवाह को बढ़ावा देते हैं।

यही वजह है कि बिहार, हरियाणा, उड़ीसा, महाराष्ट्र जैसे चुनावों में हिंदू वोटों को जाति से ऊपर उठाने में संघ की उपर्युक्त पहल सहायक साबित हुई, जिससे भाजपा को प्रत्यक्ष लाभ हुआ। साथ ही शाखाओं में जाति-निरपेक्षता का वातावरण स्थापित हुआ। यही नहीं, संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठकों में भी इसे प्राथमिकता दी गई, जैसे 2024 के आम चुनावों तक इस विषयक अभियान चलाने का फैसला संपन्न हुआ।

वहीं, संगठन के भीतर जारी आंतरिक प्रयास के तहत संघ की शाखाओं में जाति को नजरअंदाज कर 'सभी हिंदू एक परिवार' का सिद्धांत अपनाया जाता है, जिसकी शुरुआत संस्थापक हेडगेवार ने की थी। वहीं, संवैधानिक आरक्षण पर भी समर्थन जताया गया है, ताकि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों आदि का भरोसा आरएसएस में मजबूत हो। हालांकि हालिया बयानों में इसे जातिवाद बढ़ाने वाला भी कहा गया। साथ ही साल 2024 में जाति जनगणना का संघ ने समर्थन किया गया ताकि योजनाएं बेहतर हों, बशर्ते राजनीतिक दुरुपयोग न हो।

कहना न होगा कि आरएसएस के इन सदाशयी प्रयासों के बावजूद, उस पर ब्राह्मण वर्चस्व और आरक्षण विरोध के पुराने आरोप लगते रहे हैं। आरएसएस के जातिवाद विरोधी प्रयासों पर कई गंभीर आलोचनाएं भी आई हैं, जो मुख्य रूप से इनके प्रचारात्मक, असंगठित और हिंदू एकता को प्राथमिकता देने वाले स्वरूप पर केंद्रित हैं। जिसके चलते आलोचक इन्हें सतही बताते हैं क्योंकि संगठन ने जाति व्यवस्था को जड़ से चुनौती नहीं दी। अक्सर सवाल उठाया जाता है कि विगत 100 वर्षों में कोई प्रमुख दलित या आदिवासी संघ सरसंघचालक नहीं बना, जिससे आंतरिक ब्राह्मण वर्चस्व के आरोप बने हुए हैं। वहीं, आरक्षण पर अस्पष्ट रुख और जाति जनगणना को राजनीतिक दुरुपयोग रोकने की शर्त रखना आलोचना का कारण बना। वहीं छुआछूत जैसी प्रथाएं ग्रामीण भारत में बनी हुई हैं। अलबत्ता, मोहन भागवत जैसे नेताओं के बयान सकारात्मक हैं, लेकिन व्यावहारिक बदलाव सीमित दिखते हैं क्योंकि जाति राजनीति में गहरी पैठ रखती है। भले ही भागवत के समग्र मूल्यांकन प्रयासों से जनजागरूकता बढ़ी, लेकिन जाति राजनीति और सामाजिक जड़ों को तोड़ने में ये पहल अपर्याप्त साबित हुए। ऐसा इसलिए कि गहरे बदलाव के लिए राजनीतिक समर्थन और कानूनी सख्ती की स्पष्ट कमी रही। जहां तक आरएसएस की ऐतिहासिक और वैचारिक कमियों की बात है तो संघ ने कभी जाति-विनाश का आंदोलन नहीं चलाया, और वर्ण व्यवस्था पर अमूमन मौन रहा, जो तार्किकता वश स्वाभाविक बात है। वहीं, आरक्षण विरोधी भागवत के पुराने बयानों से दलित-बहुजन असंतुष्ट हैं, और उनके प्रयासों को छुआछूत रोकने तक सीमित माना जाता है। इतना ही नहीं, आरएसएस की समरसता सम्बन्धी अभियानों को सतही तक कहा जाता है क्योंकि ये जाति व्यवस्था की जड़ों पर प्रहार करने के बजाय छुआछूत जैसे सतही लक्षणों को ही लक्षित करते हैं, जबकि वर्णाश्रम धर्म को अप्रत्यक्ष रूप से बनाए रखते हैं। उधर, आरएसएस के पूर्व सदस्यों ने भी शाखाओं में जातिगत भेदभाव का खुलासा किया है। पूर्व कारसेवक भंवर मेघवंशी जैसे लोगों ने भी शाखाओं में जातिगत भेदभाव का अनुभव किया। जिससे दशकों बाद भी कोई व्यापक सामाजिक परिवर्तन

# चीन में जन्मदर सबसे निचले स्तर पर, बूढ़ा होता ड्रैगन भारत के लिए मौका

**सरकारी आंकड़ों के अनुसार चीन की कुल आबादी लगातार चौथे वर्ष घटी है। बीते वर्ष देश में जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या पिछले कई दशकों में सबसे कम रही। जन्म दर इतनी नीचे आ चुकी है कि वह आबादी को स्थिर रखने के लिए जरूरी स्तर से काफी कम है। दुनिया को चौंकाने वाली खबरें अक्सर युद्ध या अर्थव्यवस्था से आती हैं, लेकिन इस समय चीन के लिए सबसे बड़ी चुनौती किसी सीमा पर नहीं बल्कि उसके घरों के भीतर जन्म ले रही है। चीन की जनसंख्या लगातार घट रही है और यह गिरावट अब अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी रुझान बन चुकी है। हालात यह हैं कि सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद चीन में बच्चे पैदा करने की इच्छा तेजी से खत्म होती जा रही है और जन्म दर ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गई है।**

(नीरज कुमार दुबे )

सरकारी आंकड़ों के अनुसार चीन की कुल आबादी लगातार चौथे वर्ष घटी है। बीते वर्ष देश में जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या पिछले कई दशकों में सबसे कम रही। जन्म दर इतनी नीचे आ चुकी है कि वह आबादी को स्थिर रखने के लिए जरूरी स्तर से काफी कम है। इसके उलट बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है जिससे चीन एक युवा देश से तेजी से बूढ़े देश में बदलता जा रहा है।

चीन ने इस संकट से निपटने के लिए नीतिगत स्तर पर कई बड़े फैसले किए। पहले एक बच्चा नीति को खत्म किया गया फिर दो बच्चों और बाद में तीन बच्चों की अनुमति दी गई। इसके साथ ही सरकार ने बच्चों के पालन पोषण के लिए सब्सिडी, टैक्स छूट और सामाजिक सुविधाओं की घोषणा भी की। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि युवा दंपती इन प्रलोभनों से प्रभावित नहीं हो रहे। महंगे घर, शिक्षा की ऊंची लागत, नौकरी की असुरक्षा और काम का बढ़ता दबाव युवाओं को शादी और बच्चे से दूर कर रहा है। शहरों में रहने वाले युवाओं के लिए एक बच्चे को पालना ही आर्थिक बोझ बन गया है, ऐसे में दूसरा या तीसरा बच्चा उनके लिए कल्पना से बाहर है।

इसी पृष्ठभूमि में चीन सरकार ने कंडोम और गर्भनिरोधक उत्पादों पर टैक्स लगाने का फैसला किया। इसका उद्देश्य अप्रत्यक्ष रूप से जन्म दर बढ़ाना बताया गया। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम वास्तविक समस्या को छूता भी नहीं है। बच्चे न होने की वजह कंडोम नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक दबाव हैं। यह फैसला दरअसल चीन की सरकार की हताशा को दिखाता है कि वह जन्म दर बढ़ाने के लिए प्रतीकात्मक उपायों तक सिमटती जा रही है। जब तक जीवन की गुणवत्ता और भविष्य की सुरक्षा का भरोसा नहीं मिलेगा तब तक युवा परिवार बच्चे पैदा करने का जोखिम नहीं उठाएंगे।

देखा जाये तो घटती जनसंख्या का सबसे बड़ा असर चीन की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कामकाजी उम्र की आबादी कम होने से श्रम शक्ति घटेगी और उत्पादन लागत बढ़ेगी। इससे चीन की तेज विकास दर पर ब्रेक लग सकता है। साथ ही बुजुर्गों की बढ़ती संख्या पेंशन और स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव डालेगी। साथ ही, चीन जिसे दुनिया की फैक्ट्री कहा जाता था अब उसे मशीनों और स्वचालन पर ज्यादा निर्भर होना पड़ेगा। यह बदलाव महंगा भी होगा और समय लेने वाला भी। वहीं, चीन की दुनिया की आर्थिक संरचना में बदलाव आएगा। कई देश जो चीन पर निर्भर हैं उन्हें नए विकल्प



जनसंख्या गिरावट का असर केवल उसकी सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होंगी, सस्ते श्रम पर आधारित उद्योगों का स्वरूप बदलेगा और तलाशने होंगे। इसके साथ ही वैश्विक मांग में कमी आने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ सकती है। चीन का घरेलू बाजार कमजोर होने का मतलब है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा इंजन धीमा पड़ रहा है। देखा जाये तो जनसंख्या किसी भी देश की सामरिक शक्ति की रीढ़ होती है। युवाओं की कमी का असर चीन की सैन्य भर्ती और दीर्घकालिक रणनीति पर भी पड़ेगा। इसके चलते भविष्य में चीन को संख्या आधारित सैन्य शक्ति की बजाय तकनीक आधारित सेना पर ज्यादा निर्भर होना पड़ेगा। यह बदलाव चीन की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को भी प्रभावित कर सकता है। एक बूढ़ी होती आबादी के साथ लंबे समय तक आक्रामक रणनीति बनाए रखना आसान नहीं होता।

इसमें कोई दो राय नहीं कि चीन की घटती जनसंख्या एक गहरा सामाजिक और आर्थिक संकट है। कंडोम पर टैक्स जैसे उपाय समस्या का समाधान नहीं बल्कि उसकी गंभीरता को उजागर करते हैं। जब तक युवाओं को सुरक्षित भविष्य, सस्ती शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं और संतुलित जीवन नहीं मिलेगा तब तक जन्म दर बढ़ने की उम्मीद करना भ्रम ही रहेगा। यह संकट चीन के साथ-साथ पूरी दुनिया की दिशा और शक्ति संतुलन को भी बदलने की क्षमता रखता है। साफ है कि ड्रैगन अब बाहर नहीं बल्कि भीतर से जूझ रहा है।

बहरहाल, चीन की घटती जनसंख्या और तेजी से बूढ़ी होती आबादी का असर दक्षिण एशिया की सामरिक राजनीति पर भी साफ दिखाई देगा और यह बदलाव भारत के लिए अवसर जबकि पाकिस्तान के लिए चुनौती बन सकता है। दरअसल, चीन की युवा आबादी कम होने से उसकी आर्थिक और सैन्य क्षमता धीरे-धीरे दबाव में आएगी, जिससे भारत को दीर्घकाल में रणनीतिक संतुलन साधने का मौका मिलेगा। भारत की युवा और कार्यशील जनसंख्या उसे उत्पादन, तकनीक, रक्षा और वैश्विक निवेश के क्षेत्र में स्वाभाविक बढ़त दिला सकती है, वहीं चीन का ध्यान आंतरिक सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर ज्यादा केंद्रित रहेगा। इसके उलट पाकिस्तान की स्थिति ज्यादा कठिन होगी क्योंकि उसकी रणनीतिक ताकत का बड़ा आधार चीन का आर्थिक और सैन्य सहयोग रहा है। यदि चीन खुद जनसंख्या संकट, आर्थिक मंदी और बुजुर्ग आबादी के बोझ से जूझेगा तो पाकिस्तान को मिलने वाला समर्थन सीमित हो सकता है। ऐसे में दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन धीरे-धीरे भारत के पक्ष में झुक सकता है जबकि पाकिस्तान को अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था और अस्थिर समाज के साथ अकेले संघर्ष करना पड़ सकता है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# नारायणपुर में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ

## शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल से किया सम्मानित, विकास कार्यों पर आधारित झांकियों का किया गया प्रदर्शन








**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले में 77वें गणतंत्र दिवस पूरी गरिमामय एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने जिला मुख्यालय नारायणपुर में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। उन्होने इस अवसर पर परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इसके बाद उन्होंने जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक खेल मैदान में आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम में 13 प्लाटून शामिल हुए, जिसमें शस्त्र सहित सीमा सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, 16वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरूष महिला, नगर सेना शामिल हैं। वहीं शस्त्र रहित प्लाटून में स्वामी आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ एनसीसी टोली बालक बालिका, शासकीय कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुलेंगा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर बालिका स्टाउट गाईड, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम शासकीय विद्यालय महावीर चौक और रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ के बैंड दल ने भाग लिया। इन सभी का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह और उप निरीक्षक संजय टोप्पो ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सांसद महेश कश्यप ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश वाचन पश्चात् शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हे शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त कर उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 84 अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**लोक नृत्यों के प्रदर्शन से शालेय छात्र छात्राओं ने बांधा समा**

जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह मे स्कूली बच्चों ने देश भक्ति एवं पारंपरिक नृत्यों से ओतप्रोत आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसके अतर्गत पीएम मिडिल स्कूल पोर्टा केबिन देवगांव ने प्रथम स्थान, विशेष पिछड़ी जनजातीय अबुझमाड़िया आवासीय विद्यालय ओरछा ने द्वितीय स्थान और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# कलेक्टर ने किया धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण, किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं: राजेंद्र कटारा



**रामानुजगंज।** धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लेने तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा लगातार धान उपार्जन केन्द्रों का सघन दौरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर ने विकासखण्ड बलरामपुर के धान उपार्जन केंद्र तातापानी एवं विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के उपार्जन केन्द्र रामानुजगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों में टोकन, पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक की गई धान खरीदी की मात्रा तथा शेष किसानों की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं समिति प्रभारियों से धान खरीदी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पात्र किसानों से धान खरीदी करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष दिनों में मिशन मोड में कार्य करते हुए सभी पात्र किसानों से समयबद्ध तरीके से धान खरीदी सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि सभी पात्र किसानों से धान खरीदी की जाएगी। उन्होंने किसानों से कहा कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम में न आएं तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी उपज का विक्रय करें। कलेक्टर ने समिति प्रभारियों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ धान खरीदी करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अवैध धान की आवक पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

# देशभक्ति और उल्लास के रंग में रंगा बीजापुर, गरिमामय







**बीजापुर।** जिले में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन मिनी स्टेडियम में किया गया, जहां छत्तीसगढ़ शासन के वन तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तपश्चात मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह के दौरान उत्साह और उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया। मुख्य अतिथि कश्यप ने शहीद जवानों के परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत परेड कमांडरों के साथ फोटो सेशन तथा वंदे मातरम् का सामूहिक गायन भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के गरिमामय आयोजन में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं व्यायाम प्रदर्शन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकियां भी प्रस्तुत की गई। परेड प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल ने प्रथम स्थान, सीआरपीएफने द्वितीय स्थान एवं जिला पुलिस बल (महिला) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में गाइड प्रथम, एनसीसी द्वितीय एवं एनएसएस तृतीय स्थान पर रहे। विभागीय झांकियों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रथम, वन विभाग को द्वितीय तथा स्वास्थ्य विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बीजापुर प्रथम, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर द्वितीय एवं डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मांझीगुड़ा तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी पूर्व मंत्री महेश गागड़ा,नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी सहित जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन, पुलिस एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिकगण एवं मीडिया प्रतिनिधि बड़ी संख्या में गरिमामयी उपस्थित रही।

# स्वयं सेना में न जा सके तो दूसरों को बना रहे फौजी : भानुप्रतापपुर में नंद किशोर की अनूठी पहल




**भानुप्रतापपुर।** जज्बा अगर सच्चा हो तो मंजिलें खुद-ब-खुद मिल जाती हैं। कुछ ऐसी ही कहानी है बालोद जिले के ग्राम गुजरा निवासी नंद किशोर खुडसेर की। कभी खुद फौज की वर्दी पहनने का सपना देखने वाले नंद किशोर आज दर्जनों युवाओं के सपनों को हकीकत में बदल रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र के युवा न केवल शारीरिक रूप से मजबूत हो रहे हैं, बल्कि भारतीय सेना और पुलिस बल में अपनी जगह भी पक्की कर रहे हैं। नंद किशोर आज भानुप्रतापपुर में दर्जनों युवाओं के सपनों को पंख लगा रहे हैं। नंद किशोर खुद सेना में भर्ती होना चाहते थे, लेकिन किन्हीं कारणों से उनका चयन नहीं हो पाया। उन्होंने हार मानने के बजाय आसपास के युवाओं को ट्रेनिंग देना शुरू किया। रिस्पॉन्स इतना बेहतर मिला कि वर्ष 2024 में उन्होंने 'शहीद गैंद सिंह नायक फिजिकल एक्टिविटी एंड फिटनेस ग्रुप' की नींव भानुप्रतापपुर में रखी। देश सेवा का जज्बा रखने वाले इन युवाओं और उनके निस्वार्थ मार्गदर्शक नंद किशोर खुडसेर की इस पहल की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। आम जनमानस और स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग का मानना है कि ऐसे प्रशिक्षकों का सरकारी स्तर पर भी सहयोग होना चाहिए ताकि बस्तर के वनांचल क्षेत्रों से अधिक से अधिक युवा देश की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

### प्रतियोगिता के परिणाम

100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम शुभम, द्वितीय लोकेश, तृतीय महावीर , 400 मीटर दौड़ में प्रथम शुभम द्वितीय सूरज, तृतीय लोकेश, 1600 मीटर दौड़ में प्रथम शुभम, द्वितीय महावीर, तृतीय गोपी रहा। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम वर्षा, द्वितीय शालिनी , तृतीय देविका, 400 मीटर दौड़ में प्रथम लता, द्वितीय स्मिता, तृतीय देविका, 1600 मीटर प्रथम सुस्मिता द्वितीय तनुजा, तृतीय मोनिका रही।

### प्रतिभाओं का सम्मान : प्रेस क्लब में पुरस्कार वितरण

*हाल ही में एकेडमी द्वारा 1600 मीटर, 400 मीटर और 100 मीटर दौड़ के साथ लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रेस क्लब भानुप्रतापपुर में सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय साहू ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।*

### न्यूनतम शुल्क : प्रवेश शुल्क मात्र 500 रुपये और मासिक शुल्क 700 रुपये

गरीब बच्चों के लिए निःशुल्कः जो बच्चे आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उन्हें निःशुल्क कोचिंग दी जाती है। वर्तमान में 66 बच्चों में से 17 ऐसे हैं जिन्हें नंद किशोर न केवल मुफ्त ट्रेनिंग दे रहे हैं, बल्कि अपने पास रखकर भोजन भी उपलब्ध करा रहे हैं। पहले ही साल में 20 से ज्यादा चयन नंद किशोर के प्रशिक्षण का लोहा पूरा क्षेत्र मान रहा है। पहले ही वर्ष में एकेडमी के 20 से अधिक युवाओं का चयन सीआरपीएफ, बीएसएफ, जिला पुलिस और नगर सेना में हो चुका है। वर्तमान में वे आर्मी, सीआरपीएफ और पुलिस भर्ती के लिए लिखित व फिजिकल परीक्षा की तैयारी करा रहे हैं।

# 'जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह' 'विधायक लता उसेंडी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज'









**कोण्डागांव।** जिले में 77 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इसके बाद विधायक उसेण्डी ने कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के साथ परेड का निरीक्षण किया। साथ उत्साह के प्रतीक तीन रंगों के गुब्बारे आसमान में छोड़े गये। इस दौरान अर्द्धसैनिक बल और पुलिस बल के जवानों के साथ नगर सेना, एनसीसी एवं एनएसएस के कैडेटों ने देश सेवा की जज्बे के साथ आकर्षक मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक उसेंडी ने सभी जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और समारोह में उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, सेकंड इन कमांडर एएसआई दिनेश डहरिया, आईटीबीपी 29वीं बटालियन, आईटीबीपी 41वीं बटालियन, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला प्लाटून कमांडर, नगर सेना के प्लाटून कमांडर, एनसीसी जूनियर डिवीजन बालक, एनसीसी जूनियर विंग्स बालिका, एनएसएस बालक एवं एनएसएस बालिका के प्लाटून कमांडर से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया।

### 'छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक एवं देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति'

*गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने व्यायाम और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति और विविध संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया।*

*सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय कोंडागांव द्वारा महिला क्रिकेट टीम द्वारा वर्ल्ड कप जीत पर आधारित प्रस्तुति को प्रथम, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोट पारा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति को द्वितीय और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव द्वारा लोकगीत की प्रस्तुति को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं परेड प्रदर्शन में आईटीबीपी 29वीं बटालियन को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरुष को द्वितीय और नगर सेना महिला को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में एनसीसी बालक प्रथम, एनसीसी बालिका द्वितीय और एनएसएस बालक तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, आदिवासी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विद्युत विभाग, क्रेडा एवं यातायात विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रदर्शित की गयी। इन झांकियों में शिक्षा विभाग को प्रथम प्रस्थान प्राप्त किया। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।*

# शासकीय योजनाओं के सशक्त संवाहक बने पत्रकार गणतंत्र दिवस पर प्रेस क्लब बीजापुर सम्मानित



**बीजापुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में शासकीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के समस्त पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब बीजापुर को सम्मान पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर मीडिया जगत की भूमिका को सराहा गया। समारोह के मुख्य अतिथि वन एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने जिले के मीडिया प्रतिनिधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक, निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूती का आधार है और पत्रकार समाज तथा शासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। मुख्य अतिथि कश्यप ने जिले के पत्रकारों द्वारा शासन की योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों के सतत प्रचार-प्रसार को सराहनीय बताते हुए उनके योगदान को अनुकरणीय बताया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी मीडिया प्रतिनिधि इसी प्रतिबद्धता के साथ शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे। गणतंत्र दिवस के गरिमामय अवसर पर प्रेस क्लब बीजापुर को मिला यह सम्मान जिले के समस्त पत्रकारों के सामूहिक प्रयास, निष्ठा और जिम्मेदार पत्रकारिता का प्रतीक रहा, जिससे उपस्थित जनसमूह में विशेष उत्साह और गौरव का वातावरण देखने को मिला।

# एनएमडीसी बचेली में गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन



**बचेली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में भव्य कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।परियोजना के केवी मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक ने झंडा फहराया एवं परेड का निरीक्षण किया।इस अवसर पर परियोजना में स्थित विभिन्न विद्यालयों की ओर से मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई।सभी विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत समूह नृत्य और पीटी अर्थात शारीरिक अभ्यास प्रस्तुत किया।साथ ही महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना की विभिन्न सांस्कृतिक समितियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए।मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए एनएमडीसी बचेली की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में पर्यावरण हितैषी खनिक के रूप में एनएमडीसी का योगदान महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी एनएमडीसी अपने उत्पादन और सीएसआर प्रकल्पों के माध्यम से भारत की विकास यात्रा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी।इस कार्यक्रम में बीआईओएम बचेली के विभिन्न विभागाध्यक्षगण, श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बचेली नगरवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रहीं।

# किरन्दुल फुटबॉल ग्राउंड में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस



**किरन्दुल।** दिनांक 26 जनवरी को लौहनगरी किरन्दुल स्थित फुटबॉल ग्राउंड सोमवार सुबह 09 बजे देश का 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।मुख्य अतिथि एनएमडीसी अधिशासी निदेशक रवींद्र नारायण एवं वरिष्ठ कर्मचारी राजेश संधू ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने सीआईएसएफ जवानों, एनसीसी कैडेट एवं स्कूल छात्र-छात्राओं की परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने देश के विकास में एनएमडीसी द्वारा दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान बताया गया। परियोजना कर्मचारियों से उत्पादन-उत्पादकता के कीर्तिमान हासिल करने की अपील एवं सीएसआर के तहत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों को भी बताया। मुख्य अतिथि ने बेस्ट वर्कर्स अवार्ड प्रदान किए। बीआईओपी स्कूल द्वारा एकता गीत प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा केवीएस, डीएवी, प्रकाश विद्यालय एवं बीआईओपी स्कूल द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुतियां की गई। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि प्रेरणा महिला समिति अध्यक्ष नमिता नारायण, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) के पी सिंह, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन के एल नागवेणी,कमांडेंट सीआईएसएफ इंटक सचिव ए के सिंह,अध्यक्ष विनोद कश्यप, एसकेएमएस अध्यक्ष देवरायलु, एससी एसटी एसोसिएशन के पदाधिकारी,ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी,विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य कार्मिक विभाग के अधिकारी कर्मचारी व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमामय एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. किरण नूरुटी ने सम्पन्न कराया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया तथा शासन के निर्देशानुसार वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उन पूर्व छात्रों को विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने भारतीय सेना एवं पुलिस बल में सेवाएं देते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया तथा देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए। इसके साथ ही स्थानीय जननायक गुण्डाधुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ध्वजारोहण अधिकारी डॉ. किरण नूरुटी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान की मूल भावना न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझें और अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र प्रेम को अपने आचरण में शामिल करें। प्राध्यापक डॉ. पुरोहित सोरी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि गणतंत्र भारत की पहचान उसकी लोकतांत्रिक व्यवस्था है, जिसमें प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों के प्रति सजग और जागरूक बने रहने की बात कही। प्राणिशास्त्र विभागाध्यक्ष शोभाराम यादव ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि आज का यह पर्व हमें त्याग, संघर्ष और बलिदान की परंपरा से जोड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज और देश के प्रति सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। सहायक प्राध्यापक अर्जुन नेताम ने गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 26 जनवरी केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का उत्सव है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, ओजस्वी भाषण एवं आकर्षक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिनसे सम्पूर्ण परिसर राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत हो गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमूह ने भरपूर सराहना दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन रसायन शास्त्र के प्राध्यापक नसीर अहमद द्वारा किया गया, जबकि डॉ. आकाश वासनीकर ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बीटीओए कार्यालय में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस



**किरन्दुल।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार सुबह 08 बजे बैलाडिला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन संस्था में अध्यक्ष मनोज सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।तत्पश्चात राष्ट्रगान गाकर तिरंगा को सलामी दी गई एवं मिष्ठान वितरण किया गया।मौके पर बीटीओए सचिव आकाश गोयल,अन्य पदाधिकारी एवम सदस्यगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आग जैसी दुर्घटनाओं से बचाव के लिए मॉक ड्रिल 30 को

बिलासपुर। जिला प्रशासन द्वारा आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत आग जैसी संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के लिए बाबला रिफ्लर फ्यूल स्टेशन सरकंडा में लेवल 3 ऑफ साइट अग्नि मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण 30 जनवरी को दोपहर 3 बजे से निर्धारित स्थान पर होगा। प्रशिक्षण में जिला प्रशासन के सभी विभागों से सहभागिता की अपील की गई है। कोई भी व्यक्ति इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रक्रिया का अवलोकन एवं जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### 01 फरवरी 2026 से शिब प्रसाद नगर समपार फाटक (एबी-58) स्थायी रूप से बंद

बिलासपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा एवं संरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समपार फाटकों पर रोड ओवरब्रिज/रेल अंडरब्रिज का निर्माण कर वैकल्पिक सड़क मार्ग उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होने के पश्चात समपार फाटकों को चरणबद्ध रूप से बंद किया जा रहा है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत कटोरा-सूरजपुर रोड स्टेशनों के मध्य कि.मी. 993/03-04 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या एबी-58 (शिबप्रसाद नगर फाटक) को सुरक्षागत कारणों से 01 फरवरी 2026 (रविवार) दोपहर 03:00 बजे से सड़क यातायात हेतु स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। सड़क उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए उक्त समपार फाटक के समीप नवनिर्मित एलएचएस/रेल अंडरब्रिज (ऋक्क) सड़क यातायात हेतु चालू रहेगा। रेलवे प्रशासन आमजन से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्ग उक्त एलएचएस/रेल अंडरब्रिज (ऋक्क) का उपयोग करें तथा रेलवे के संरक्षा निर्देशों का पालन करें।

### स्वच्छता पखवाड़ा: बिल्हा के आदिवासी आदर्श ग्राम मंजूरपहरी में जनभागीदारी के साथ समेकित लोकसंपर्क कार्यक्रम आयोजित

बिलासपुर। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय संचार ब्यूरो, बिलासपुर द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बिल्हा विकास खण्ड के आदिवासी आदर्श ग्राम मंजूरपहरी, जिला बिलासपुर में एक दिवसीय समेकित लोकसंपर्क कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं खेल गतिविधियों से जुड़े प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती उषा देवी मिलन सिंह मरावी, उप सरपंच श्री जितेन्द्र कुमार सरुता, पूर्व जनपद सदस्य श्री राम नेताम, पंचगण श्रीमती आरती बाई उईके एवं श्रीमती प्रीति पाटले, स्वच्छता मित्र श्री रामदास मानिकपुरी, विद्यालयों के समस्त शिक्षक-कर्मचारी, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएँ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने आए विभिन्न ग्रामों की टीमों के खिलाड़ियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को व्यापक जनसमर्थन प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वच्छता मित्र रामदास मानिकपुरी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपने घर-आंगन के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी, केंद्रीय संचार ब्यूरो, बिलासपुर श्री कमल गिरी ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि भारत सरकार द्वारा 16 जनवरी से 31 जनवरी तक देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पार्कों, सड़कों, बस स्टैंडों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों सहित सभी सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु जनभागीदारी पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सामूहिक उत्तरदायित्व से ही एक स्वच्छ, स्वस्थ एवं सतत वातावरण का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच उषा देवी मिलन सिंह मरावी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम में घर-घर पक्के शौचालयों का निर्माण हुआ है और उनका शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है, जिससे स्वच्छ भारत अभियान का लक्ष्य पूर्ण रूप से साकार हो सके। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत अभियान पर आधारित प्रश्नमंच, रंगोली प्रतियोगिता तथा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी रोशनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# सुजलाम-सुफलाम:अटल बिहारी वाजपेयी विवि में पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता व्याख्यान....



बिलासपुर । बिलासपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में 'प्रकृति की रक्षा - भविष्य की सुरक्षा' विषय पर 'सुजलाम-सुफलाम' अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और प्रकृति के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की आदतें यदि प्रारंभिक अवस्था से विकसित की जाएं, तो वे भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी बनती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पर्यावरण प्रमुख राजेश जैन ने सुजलाम-सुफलामअभियान की अवधारणा को सरल शब्दों में समझाते हुए जल को जीवन का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य भोजन के बिना कुछ दिन रह सकता है, जल के बिना सीमित समय तक, लेकिन वायु के बिना एक क्षण भी नहीं—इसलिए जल संरक्षण और वृक्षों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े छोटे-छोटे प्रयासों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक गणेश और प्रांत संयोजक (बिलासपुर) अक्षय अलकारी की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक दायित्वों में छात्रों की सक्रिय सहभागिता समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन और अतिथि परिचय डॉ. अतुल दुबे ने प्रभावी ढंग से किया, जबकि मंच संचालन (एंकरिंग) डॉ. महेंद्र मेहता द्वारा किया गया। अंत में डॉ. तारनीश गौतम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. गौरव साहू, डॉ. अंकुर शुक्ला, डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, डॉ. पूजा पांडे, डॉ. हमीद अब्दुल्ला, डॉ. जितेंद्र गुप्ता, डॉ. एच.एस. होता, नेहा रतिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी पर्यावरण, नैतिक और सामाजिक विकास से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी.......

### 17 पदों पर होगा मतदान, 30 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू

बिलासपुर । हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आगामी चुनावों को लेकर अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस बार चुनाव कुल 17 पदों के लिए कराए जाएंगे, जिनमें 5 पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। यह परिवर्तन सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के निर्देशों के अनुपालन में किया गया है, जिसके तहत स्टेट बार काउंसिल ने बार एसोसिएशन को 30 प्रतिशत महिला आरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। अब तक बार एसोसिएशन के चुनाव 15 पदों पर होते थे, जिनमें महिलाओं के लिए केवल दो पद आरक्षित थे। नई व्यवस्था के तहत उपाध्यक्ष (महिला), संयुक्त सचिव (महिला), खेल एवं सांस्कृतिक सचिव (महिला) तथा कार्यकारिणी के दो पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इससे बार एसोसिएशन में महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी और नेतृत्व को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। पदों के लिए अनुभव मानक तय-चुनाव प्रक्रिया के तहत विभिन्न पदों के लिए अनुभव की न्यूनतम अवधि भी निर्धारित की गई है। अध्यक्ष पद के लिए कम से कम 20 वर्ष की सक्रिय वकालत अनिवार्य होगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष (महिला) और सचिव के लिए 15 वर्ष, संयुक्त सचिव, संयुक्त सचिव (महिला) एवं कोषाध्यक्ष के लिए 10 वर्ष का अनुभव आवश्यक होगा। पुस्तकालय सचिव के लिए 15 वर्ष, खेल एवं सांस्कृतिक सचिव (वरिष्ठ/महिला) के लिए 7 वर्ष, जबकि कार्यकारिणी सदस्य (सामान्य/महिला) के लिए न्यूनतम 5 वर्ष की सक्रिय प्रैक्टिस तय की गई है। 1418 अधिवक्ता मतदाता सूची में शामिल- दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद जारी अंतिम मतदाता सूची में कुल 1418 अधिवक्ताओं के नाम शामिल किए गए हैं। चुनाव कार्यक्रम- 27 जनवरी: अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन (पूर्ण) 28 से 30 जनवरी: नामांकन पत्रों का वितरण एवं जमा 31 जनवरी: नामांकन की जांच 12 फरवरी: मतदान (सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक) 13 फरवरी: मतगणना एवं परिणाम घोषणा 16 फरवरी: निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरण बार एसोसिएशन के इस चुनाव को महिला प्रतिनिधित्व और पारदर्शी प्रक्रिया के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

# मोबाईल झपटमारी करने वाले दो आरोपी पकड़ाये



**बिलासपुर।** जिले के चकरभाठा थानाक्षेत्र में मोबाईल झपटमारी कर फरार होने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपीयों के कब्जे से एक नग मोबाइल और घटना में प्रयुक्त चोरी का मोटर साइकिल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 01.01.2026 को पीड़िता द्वारा थाना चकरभाठा उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 01.01.2026 को इलाज करने त्रिवेणी डेंटल कॉलेज चकरभाठा बिलासपुर गई थी इलाज करवाकर अपने भाई के मोटरसायकल में बैठकर वापस आ रही थी रायपुर बिलासपुर रोड डायमंड होटल के पास पहुंचे थे की उसी समय पीछे से आ रहे मोटर साइकिल एच एफ डीलक्स में बैठे व्यक्ति द्वारा तेजी से पीड़िता के मोबाइल को झपटकर लेकर भाग गया। रिपोर्ट से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिनके द्वारा उक्त आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने निर्देशित करने पर एसीसीयू एवं थाना चकरभाठा से टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी किया गया पातासाजी के दौरान आरोपियों द्वारा झपटकर ले गए मोबाइल के सम्बन्ध में तकनीकी जानकारी के आधार पर 2 आरोपियों रोशन श्रीवास पिता अशोक श्रीवास उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खैरा जयराम नगर थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर तथा मोहम्मद सेराज पिता मोहम्मद मीर हसन उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम रामचंद्रा थाना कुरमी जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल मुकाम काली मंदिर के पास तिफरा ज्योति होटल के बाजू में तिफरा को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार किये. उनसे घटना में प्रयुक्त चोरी का मोटर साइकिल जिसे बर्तोरी से चोरी करना एवं झपटमारी किता गया मोबाइल जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है।

# नाबालिक लड़की को शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जिले की थाना रतनपुर पुलिस ने एक नाबालिक लड़की को शादी का झाँसा देकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही नाबालिग को पाली जिला कोरबा से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार दिनाँक 31/12/2025 को प्रार्थिया थाना रतनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनाँक 29/12/2025 को इसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। कि प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना रतनपुर में अपराध पंजीबद्ध कर, मामला नाबालिक बालिका संबंधी गंभीर प्रवृत्ति का होने से थाना प्रभारी रतनपुर के द्वारा प्रकरण के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराने पश्चात उच्च अधिकारियों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा नुपूर उपाध्याय से प्राप्त दिशा निर्देश पर आरोपी व नाबालिक की पतासाजी की जा रही थी। नाबालिक बालिका की पाली जिला कोरबा में होने की सूचना पर थाना प्रभारी रतनपुर के द्वारा थाना रतनपुर में टीम गठित कर पाली रवाना किया गया था। जहाँ आरोपी सुमीत कुमार यादव यादव निवासी दोनासागर थाना रतनपुर के पास से पीड़िता को बरामद कर पीड़िता से पुछताछ करने पर आरोपी के द्वारा जबरदस्ती भगाकर ले जाना बताने तथा अपने साथ जबरदस्ती करने के कथन पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड भेजा गया।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से बदली किसानों की तक़दीर......

### ■ किसान हितैषी योजना से मजबूत हुई आर्थिक स्थिति



बिलासपुर। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है, जिससे प्रदेश के अन्नदाताओं को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित हो रहा है। सरकार की इस दूरदर्शी और संवेदनशील नीति से किसानों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है तथा उनका जीवन स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है। धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया से धान की खरीदी की जा रही है। समर्थन मूल्य पर सीधे किसानों के बैंक खातों में भुगतान की व्यवस्था से किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य मिल रहा है। जिले के ग्राम कछार निवासी उमेद खुसरो ने बताया कि वे ढाई एकड़ कृषि भूमि में धान की फसल लगाते है। इस वर्ष उनकी फसल अच्छी रही। 9 क्विंटल धान लेकर धान उपार्जन केंद्र में पहुंचे है। यहां धान खरीदी की प्रक्रिया सरल एवं सुविधा जनक थी। धान बेचने में उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई। उन्होंने बताया कि धान खरीदी के साथ-साथ राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी एवं योजनाओं से मिले आर्थिक मदद से खेती के लिए आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से प्राप्त आय से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि निवेश पर ध्यान दे पा रहे हैं। जिले के किसान अब आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर लागत कम करने और अधिक लाभ अर्जित करने में सफल हो रहे हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं किसान केंद्रित योजनाओं ने जिले के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

# बैकुंठ उरकुरा खंड के बीच चौथी रेल लाइन निर्माण परियोजना को रेल मंत्रालय की स्वीकृति मिली........

### इस परियोजना के पूर्ण होने से इस महत्वपूर्ण रेल खंड के परिवहन में आएगी नई गतिशीलता ।

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बैकुंठ उरकुरा खंड (26.40 किमी) के बीच चौथी रेल लाइन के निर्माण को रेल मंत्रालय से स्वीकृति प्रदान की गई है । इस महत्वपूर्ण क्षमता संवर्धन परियोजना की अनुमानित लागत ?426.01 करोड़ है । यह खंड बिलासपुर रायपुर-नागपुर मुख्य रेल मार्ग का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो मुंबई-हावड़ा उच्च घनत्व नेटवर्क रूट में अवस्थित है । वर्तमान में इस रेलखंड में तीन लाइन परिचालन में कार्यशील है, जहाँ औद्योगिक गतिविधियों में निरंतर वृद्धि के कारण ट्रेनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है । इस महत्वपूर्ण रेल खंड में चौथी रेल लाइन के निर्माण से इस खंड में रेल परिचालन में उल्लेखनीय गतिशीलता आएगी, ट्रेनों का समयबद्ध एवं सुचारु परिचालन सुनिश्चित होगा तथा परिचालनिक बाधाओं में कमी आएगी । इससे न केवल यात्री सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि रेल परिचालन की विश्वसनीयता और दक्षता भी बढ़ेगी । इस परियोजना के पूर्ण होने के पश्चात अतिरिक्त क्षमता के सृजन से औद्योगिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी एवं इससे व्यापारिक आवागमन को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे । साथ ही, रेल नेटवर्क के सुदृढ़ होने से क्षेत्रीय विकास को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होंगे । वर्तमान में इस खंड की लाइन क्षमता रखरखाव ब्लॉक सहित 158 प्रतिशत है, जो वर्ष 2027 तक 171 प्रतिशत तक पहुँचने की संभावना है ।



इस परिप्रेक्ष्य में चौथी लाइन का निर्माण समय की आवश्यकता थी । यह परियोजना ऊर्जा, सीमेंट एवं खनिज कॉरिडोर के अंतर्गत चिन्हित की गई है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी । रेल मंत्रालय द्वारा इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना की स्वीकृति से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र में रेल अवसंरचना विकास, परिवहन सुगमता, व्यापारिक विस्तार एवं रोजगार सृजन को नई दिशा मिलेगी ।

### हाई-स्पीड ट्रेन परीक्षण के दौरान आमजन से रेलवे ट्रैक से दूर रहने की अपील

बिलासपुर। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास एवं ट्रेनों के सुरक्षित तथा सुचारु परिचालन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल अंतर्गत नई रेल लाइनों, दोहरीकरण, तृतीय एवं चतुर्थ रेल लाइन के कार्य व्यापक स्तर पर प्रगति पर हैं। इसी क्रम में बिलासपुर-झारसुगुड़ा रेल खंड के मध्य लगभग 206 किलोमीटर लंबी विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत कोतरलिया-रायगढ़-किरोड़ीमल नगर-भूपदेवपुर स्टेशनों के मध्य 26.1 किलोमीटर लंबी विद्युतीकृत नई चौथी लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इंटरलॉकिंग सहित समस्त तकनीकी कार्यों की पूर्णता के पश्चात् दक्षिण पूर्व सर्किल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी श्री बी.के. मिश्रा द्वारा दिनांक 29 एवं 30 जनवरी 2026 को इस नई चौथी लाइन का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संबंधित स्टेशनों के केबिन, पैनल रूम, यार्ड, इंटरलॉकिंग व्यवस्था, क्रॉसिंग, प्वाइंट, ओएचई लाइन, ब्रिज, सिग्नलिंग उपकरणों का गहन परीक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मोटर ट्रॉली के माध्यम से भी निरीक्षण संपन्न किया जाएगा। दिनांक 30 जनवरी 2026 को इस खंड में ओएमएस कोच के साथ हाई-स्पीड ट्रेन चलाकर स्पीड ट्रायल भी किया जाएगा, जिससे लाइन की संरक्षा, स्थिरता एवं परिचालन क्षमता का परीक्षण किया जा सके।

# खतरनाक कार स्टंट करने वालों पर की कार्यवाही

**बिलासपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थानाक्षेत्र के गांधी चौक रोड पर खतरनाक कार स्टंट करने वालों पर सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। बता दें कि सोशल मीडिया पर एक विडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक सफेद रंग की हुण्डई आई-20 कार क्रमांक सीजी 12 बीटी 1243 में सवार युवकों द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर खतरनाक स्टंटबाजी करते हुए दिख रहे है तथा मानव जीवन को खतरे में डाल रहे है। वीडियो में देखा गया कि वंश सक्केल, कुनाल साहू एवं शाहरूख इरानी कार की खिड़कियों पर बैठकर जानलेवा स्टंट कर रहे थे, जबकि वाहन को हर्ष वर्धन सिंह द्वारा अत्यंत लापरवाही एवं जोखिमपूर्ण तरीके से चलाया जा रहा था। उक्त वीडियो को वंश सक्केल द्वारा इंस्टाग्राम पर वायरल किया गया था। जो कि पुलिस के संज्ञान में आते ही थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों सवारों के खिलाफ धारा 281, 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनस) तथा धारा 184, 189 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर घटना में प्रयुक्त वाहन को जप्त किया गया है। इसके अतिरिक्त आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है तथा वाहन चालक हर्ष वर्धन सिंह के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

# त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है सरसों का तेल



यदि आप भी सरसों के तेल के इस्तेमाल से स्किन से जुड़ी हर परेशानी को दूर करना चाहते हैं तो इसका रोजाना या फिर सप्ताह में 2 से 3 बार इस्तेमाल जरूर करें। इसे इस्तेमाल करने की विधि बेहद आसान है। एक कॉटन बॉल लें और उसे शुद्ध सरसों के तेल में भिगोकर दाग-धब्बे, मुंहासे या धूप से जल चुकी स्किन पर लगाएं। आप चाहें तो तेल को नारियल के तेल या बेसन में मिलाकर भी लगा सकती हैं। **जानें इसके अन्य फायदे**

### त्वचा में लाए निखार

प्रतिदिन रात को सोते वक्त अपने चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों जैसे पैर, टाँगे, हाथ व बाँहों पर सरसों का तेल लगाने से शरीर व चेहरे की रंगत में सुधार आता है। यह टैनिंग, पिगमेंटेशन, चेहरे पर निशान और दाग-धब्बों को दूर करने में सहायता करता है। उम्र के अनुसार शरीर पर पडने वाली झुर्रियों को कम करता है। सरसों का तेल रात को सोने से पहले लगाने से साफ और दमकती त्वचा प्राप्त होती है।

### करता है प्राकृतिक सनस्क्रीन का काम

वर्तमान में युवा इस तरह की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं जिनमें एसपीएफ 20 से अधिक होता है। वास्तविकता यह है कि सरसों के तेल से ज्यादा फायदे कोई सनस्क्रीन नहीं है। सरसों के तेल में उच्च लेवल का विटामिन ई होता है, जो प्राकृतिक सनस्क्रीन की तरह काम करता है। यह सूरज की हानिकारक किरणों से हमारी

**त्वचा को करता है**

त्वचा को बचाता है और समय से पहले झुर्रियों को आने से भी रोकता है।

### मुँहासे रहते हैं दूर

किशोरावस्था में आते ही लडके/लड़कियों के चेहरे पर मुँहासे दिखाई देने लगते हैं। इन मुँहासों से चेहरे की सुन्दरता खत्म हो जाती है और इससे छुटकारा पाने के लिए युवा कई प्रकार के जतन करते हैं। मुँहासों से छुटकारा पाने का सबसे आसान तरीका सरसों के तेल का है। सरसों के तेल और नारियल के तेल को बराबर की मात्रा में एक साथ मिला लें। फिर इस तेल से चेहरे की पांच मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। इसके एक घंटे बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। लगातार कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपके चेहरे से मुँहासों का नामो-निशान व उसके दाग छूट जाएंगे।

### रिंकल्स से मिलेगा छुटकारा

रिंकल्स केवल चेहरे पर ही नहीं होते, बल्कि हाथ-पैर में भी हो जाते हैं। इनको दूर करने के लिए, आप रोज रात में सोने से पहले, चेहरे और हाथ-पैरों में सरसों के तेल की मालिश करें। तेल को हल्का गुनगुना कर लेंगे तो और भी अच्छा होगा। जब तेल स्किन में एब्जॉर्ब हो जाये, तो गीले तौलिये से साफ कर लें।

### मॉश्चराइज

सरसों का तेल सूखी त्वचा को अच्छी तरह से मॉश्चराइज करता है। इसके लिए हथेली पर कुछ बूंदें सरसों के तेल की लें, साथ में कुछ बूंदें पानी की मिलाएं। तेल पानी के इस मिक्सचर से पांच मिनट तक चेहरे की मसाज करें। इसके बाद चेहरा धो लें।

# उल्टा वृक्षासन करने के हैं कई लाभ



वृक्षासन एक असरदार योगा है, जो शरीर को भी पेड़ जैसा स्वस्थ और मजबूत बना देता है। लेकिन क्या आप ने उल्टे वृक्षासन के बारे में सुना है? दरअसल, उल्टे वृक्षासन को अधोमुख वृक्षासन कहा जाता है। जिसे अंग्रेजी में हैंड स्टैंड भी कहते हैं। अधोमुख वृक्षासन दिखने और करने में थोड़ा मुश्किल योगासन है। लेकिन इसके फायदे जानने के बाद आप इसे हर कीमत पर करेंगे। एक बार आदत होने पर आप आसानी से इस योगा को कर पाएंगे। कुछ लोग इतने एक्सपर्ट हो जाते हैं कि उल्टे वृक्षासन में हाथों से चलने भी लगते हैं।

### धड़ बनता है ठोस

अधोमुख वृक्षासन करने से शरीर का धड़ मजबूत और ठोस बनता है। यह योगासन कंधों, हाथ और कमर के ऊपरी हिस्से की ताकत बढ़ा देता है। इसलिए अधिकतर बॉडी बिल्डर इस योगासन का अभ्यास करते हैं।

### चमक जाते हैं बाल और चेहरा

रिसर्च गेट पर छपी स्टडी कहती है कि ब्लड फ्लो सही होने से बालों की मजबूती और शाइन बढ़ाई जा सकती है। अधोमुख वृक्षासन करने से सिर और चेहरे को अतिरिक्त ब्लड फ्लो मिलता है। जिसके कारण चेहरे व बालों पर चमक आने लगती है।

### शरीर का बैलेंस बढ़ता है

हैंडस्टैंड योगा करने के लिए बहुत ज्यादा बैलेंस की जरूरत होती है। जिसे पाने के लिए शरीर मेहनत करता है। इससे आपका पोस्चर भी सुधर जाता है और शरीर के दर्द से राहत मिलती है।

### मूड अच्छा होता है

सिर में ब्लड फ्लो बढ़ने से दिमागी शांत मिलती है और मूड अच्छा होता है। अगर आप तनाव या चिंता से ग्रस्त रहते हैं, तो इस योगासन को करके फायदा पा सकते हैं।

### अधोमुख वृक्षासन करने की विधि

- सबसे पहले अधोमुख श्वानासन की मुद्रा में आ जाएं।
- अब अपने दाएं पैर को सीधा ऊपर उठाएं।
- फिर दाएं तलवे को ही जमीन पर लाकर टेक ऑफ के लिए तैयार रहें।
- और तेजी से दोनों पैरों को सीधा आसमान की तरफ ले जाएं।
- सिर, कूल्हे, कमर और पैरों को एक सीध में रखने की कोशिश करें।
- शुरुआत में आप किसी दीवार का सहारा भी ले सकते हैं।

# कमाल की चीज है सहजन

## खून से गंदा शुगर को निकालता है बाहर



सहजन के कई कमाल के फायदे हैं। आयुर्वेद में सहजन के औषधीय गुणों का बखान किया गया है लेकिन विज्ञान में सहजन के कई फायदे बताए गए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सहजन की न सिर्फ सब्जी बल्कि इसकी पत्तियों और फूलों में भी मेडिसिनल गुण पाए जाते हैं। सहजन को ड्रमस्टिक और मौरिंगा के नाम से भी जाना जाता है। सहजन एक सुपर प्लांट है जो डायबिटीज मरीजों के लिए रामबाण की तरह काम करता है। इतना ही नहीं सहजन हार्ट को भी हेल्दी बनाता है। सहजन भारत में हर कहीं मिल जाएगा। दक्षिण भारत में सहजन की सब्जी का ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। कई बीमारियों में सहजन का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। सहजन एंटी-इंफ्लामेटरी, एंटीसेप्टिक और एंटीऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर है।

### सहजन के फायदे

ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है–टीओआईकी खबर के मुताबिक ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में सहजन का जवाब नहीं है। सहजन नेचुरली इंसुलिन की मात्रा को बढ़ाता है जिससे डायबिटीज कंट्रोल रहता है। सहजन में कई तरह के विटामिन और मिनिरल्स पाए जाते हैं जो खून में ग्लूकोज के लेवल को मैंटेन रखता है।

### पिंपल को दूर करता है

सहजन में मौजूद तत्व स्किन में निखार लाता है। इससे पिंपल्स, एक्ने, कील-मुंहासे आदि नहीं होते। सहजन को खून साफ करने वाला भी माना जाता है।

### स्किन और बालों के लिए फायदेमंद

सहजन में विटामिन ए, विटामिन बी, फॉलिक एसिड और अन्य एसेंशियल न्यूट्रेंट पाए जाते हैं जो हर तरह से स्किन की रक्षा करते हैं। इसलिए सहजन स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है। यह स्किन में ग्लोइंग लाता है।

### चिकनपॉक्स को रोकता है

बहुत कम लोगों को पता है कि सहजन चिकन पॉक्स के लक्षण को खत्म करने वाला भी होता है। जब अप्रैल-जून में बहुत अधिक गर्मी पड़ती है तब चिकनपॉक्स का प्रकोप बढ़ जाता है। सहजन में ऐसे गुण मौजूद होते हैं तो चिकनपॉक्स को होने नहीं देता है।

### हार्ट को हेल्दी रखता है

अगर आपका ब्लड प्रेशर हमेशा बढ़ा रहता है तो आप सहजन की सब्जी का सेवन करें। यदि आप नियमित रूप से सहजन की सब्जी का सेवन करेंगे तो आपका हार्ट हमेशा हेल्दी रहेगा।

# आकर्षण के लिए जरूरी हैं इयररिंग्स

## इनके बिना अधूरा है महिलाओं का लुक



### ड्रॉप इयररिंग्स

ड्रॉप इयररिंग्स बेहद ग्रेसफुल और एलिगेंट लगते हैं। यह भारतीय पहनावे के साथ-साथ पश्चिम पहनावे पर ही आसानी के साथ मेल खा जाते हैं। इस तरह की इयररिंग्स में एक लंबे हिस्से के नीचे कोई एक छोटा एलिमेंट लटक रहा होता है। ये एलिमेंट पर्ल, कोई स्टोन या किसी भी तरह के बीड्स हो सकते हैं।

### चांदबाली

इसके नाम से ही साफ है कि इसका आकार चांद जैसा होता है। ऊपर एक छोटे स्टड से एक बड़ा हिस्सा जुड़ा होता है, जो आमतौर पर आधे चांद के आकार जैसा होता है। झुमकों की तरह इनमें भी आपको काफी वरायटी मिल जाएगी। कुंदन से लेकर पोल्की और सिल्वर ऑक्सिडाइज्ड तक, आपको अपने पहनावे के साथ मैच करने के लिए इसमें काफी ऑप्शन्स मिल जाएंगे।

### कश्मीरी देझूर इयररिंग्स

कश्मीरी औरतों की ये ट्रेडिशनल जूलरी उनके बीच वही महत्व रखती है जो उत्तर भारत में मंगलसूत्र का है। विवाहित कश्मीरी औरतें ये इयररिंग्स जरूर पहनती हैं, जो महिलाएं इसके भार के चलते रोज नहीं पहन पाती वो खास मौकों पर तो जरूर पहनती हैं। इसमें एक नॉर्मल इयररिंग से एक लंबी चेन जुड़ी होती है जिसे कान के पीछे रखा जाता है और इसके एंड में भी एक छोटा ड्रॉप होता है जिससे ये बार-बार अपनी जगह से हटे नहीं।

### शैंडलियर

शैंडलियर का मतलब होता है झूमर और ये इयररिंग्स भी उसी के आकार से इंस्पायर्ड हैं। ये भी ऊपर की तरफ एक छोटे से स्टड से शुरू होते हैं और नीचे की तरफ जाते-जाते चौड़े हो जाते हैं। इनके आपको इंडियन और वेस्टर्न वर्जन दोनों ही मिल जाएंगे।

### ईयर चेन इयररिंग्स

इस तरह की इयररिंग्स आपने अपनी दादी-नानी या मम्मी को पहनते देखा होगा। इस तरह की इयररिंग्स में एक चेन लगी होती है जिसे कान के पीछे या बालों में फंसाया जाता है। इसे भारी इयररिंग्स को सपोर्ट देने के लिए बनाया गया था लेकिन समय के साथ ये एक फैशन ट्रेंड बन गया।

# बालों की हर समस्या का इलाज हैं मेथी के दाने





किसी सब्जी में तड़का लगाना हो या फिर पीसकर मसाले की तरह खाना हो, मेथी के दाने रसोई में बेहद काम के साबित होते हैं। लेकिन, अनेक गुणों से भरपूर मेथी के दानों की जगह सिर्फ रसोई में ही नहीं है बल्कि इन्हें बालों की देखरेख का हिस्सा भी बनाया जा सकता है। मेथी के दानों का सही तरह से इस्तेमाल किया जाए तो झड़ते बालों की दिक्कत भी दूर हो जाती है। अगर आप भी उनमें से हैं जो झड़ते बालों से परेशान हैं तो आपके लिए भी ये मेथी के दाने किसी वरदान की तरह ही काम करेंगे।

### झड़ते बालों के लिए मेथी के दाने

मेथी के दाने बालों को आयरन और प्रोटीन देते हैं जिससे बालों को बढ़ने में मदद मिलती है। इन दानों के इस्तेमाल से डैंड्रफ की दिक्कत दूर होती है और सिर पर होने वाली खुजली से भी राहत मिल जाती है। अब बात आती है बालों का झड़ना रोकने की। मेथी के दाने बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाते हैं जिससे बालों का झड़ना रुकने में मदद मिलती है। इसके अलावा समय से पहले सफेद होते बालों की दिक्कत को भी मेथी के दाने दूर कर देते हैं।

### मेथी के दानों का हेयर मास्क

झड़ते बालों के लिए हेयर मास्क 2 चम्मच मेथी के दाने लें और उन्हें भिगो दें। रातभर इन दानों को भिगोकर रखने के बाद पीस लें। इस पेस्ट को बालों पर अच्छी तरह लगाने के 20-25 मिनट बाद सिर धो लें। हर दूसरे हफ्ते में इस नुस्खे को आजमा कर देखें।

### नींबू का रस और मेथी के दाने


जिस तरह पहले आपने मेथी को भिगोकर पीसा था बिल्कुल उसी तरह एक बार फिर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट में 2 चम्मच भरकर नींबू का रस मिलाएं और फिर इस पेस्ट को बालों पर लगाएं। हेयर फॉल पर असर के साथ-साथ इस पेस्ट से बालों से डैंड्रफ भी हट जाएगा।

### अंडा और मेथी के दाने

एक कटोरी में मेथी के दानों का पेस्ट डालें। इसमें एक अंडा फोड़ कर मिला लें। बालों पर इस पेस्ट को आधा घंटा लगाए रखें और फिर धो लें। इससे बालों को भरपूर पोषण मिलेगा और बालों का झड़ना भी रुक जाएगा। साथ ही, स्कैल्प पर होने वाली खुजली को भी यह पेस्ट दूर कर देगा।

# धार्मिक के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर होता है बेल पत्र

## बेलपत्र के पौधे के फायदे



- बेल पत्र के पेड़ की त्वचा, जड़, फल और पत्ते सभी का उपयोग विभिन्न रोगों के इलाज के लिए किया जाता है। इस पवित्र वृक्ष से मसूड़ों से खून आना, अस्थमा, पीलिया, पेचिश, एनीमिया और कई अन्य बीमारियों को ठीक किया जा सकता है।
- बेल के फल में मौजूद टैनिन हैजा और डायरिया के इलाज में मदद करता है और इसके सूखे पाउडर का इस्तेमाल पुराने डायरिया के इलाज के लिए किया जाता है।
- पौधे में एंटीफंगल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो शरीर पर कई संक्रमणों का इलाज करने में आपकी मदद करेंगे।
- बेल के पत्ते अत्यधिक चिकित्सीय होते हैं क्योंकि इसका अर्क आपको कोलेस्ट्रॉल पर अच्छा नियंत्रण रखने में मदद कर सकता है।
- बेलपत्र से निकाले गए तेल से सर्दी और अस्थमा जैसे श्वसन संबंधी विकार ठीक हो सकते हैं।
- घी और पके हुए बेल फल के मिश्रण को रोजाना खाने में शामिल करने से दिल की कई बीमारियों से बचा जा सकता है।
- बेल फल कब्ज दूर करता है। नमक और काली मिर्च के साथ बेल फल का गूदा आंतों से विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करता है।
- इसकी उच्च रेचक सामग्री के कारण बेल पत्र रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में फायदेमंद है।
- बेल पत्र का उपयोग करने से आपको त्वचा पर होने वाले रैशेस और अत्यधिक पसीने को ठीक करने में मदद मिल सकती है। साथ ही यह शरीर की दुर्गंध को दूर करने में भी मदद करता है।
- बेल पत्र का जूस पीने से आपके बाल झड़ने की समस्या दूर हो जाएगी।

# कपड़ों से नहीं जा रहे हल्दी के दाग

## आजमाकर देखें ये नुस्खे

पीली हल्दी के दाग को हटाने के चक्कर में कई बार लोग कपड़े को ही इतना घिस देते हैं कि उसके रेशे निकल आते हैं। वहीं, मनपसंद कपड़े पर दाग लगने के बाद उसे बाहर पहनना मुश्किल हो जाता है और उससे पोछे का काम लेना पड़ता है। लेकिन, ऐसे कई वॉशिंग टिप्स और घरेलू उपाय हैं जो कपड़ों से हल्दी के दाग झट से हटा देते हैं, कैसे, आप खुद ही जान लीजिए।

### सिरका

कपड़ों से सब्जी और हल्दी के दाग हटाने के लिए सिरके का इस्तेमाल किया जा सकता है। एक चम्मच लिक्विड डिटर्जेंट और एक चम्मच ही सफेद सिरका लेकर मिला लें। इसमें आधा लीटर पानी मिलाएं। अब इस घोल में रूई या कोई कपड़ा डुबोएं और दाग लगे कपड़े को सामने बिछाकर स्पॉट ट्रीट करें। स्पॉट ट्रीट करने के लिए सिर्फ हल्दी के दाग को ही इस तैयार लिक्विड से घिसना शुरू करें। कपड़े पर इस मिश्रण को तब तक मलें जब तक दाग हट ना जाए।



### नींबू

हल्दी के दाग छुड़ाने में नींबू भी मदद कर सकता है। एक नींबू लें और उसे हल्दी के दाग पर निचोड़कर तकरीबन आधा घंटा रखा रहने दें। आधे घंटे बाद कपड़े को डिटर्जेंट के घोल में डालकर धोएं। दाग साफ हो जाएगा।


### ग्लिसरिन

दाग हटाने के लिए कपड़े को सामने रखें। किसी चम्मच की मदद से कपड़े पर लगी सब्जी को हटाएं और टिशू की मदद से हल्दी के दाग को साफ करें। अब ग्लिसरीन को दाग पर डालें और उंगलियों से हल्का थपथपाएं। एक घंटे तक ग्लिसरीन को दाग पर लगाए रखें। इसके बाद कपड़े को डिटर्जेंट के पानी में डुबाएं और धोकर सुखा लें। कोशिश करें कि दाग ताजा हो तभी आप यह नुस्खा आजमा लें।

### टूथपेस्ट

हल्दी के दाग हटाने में टूथपेस्ट का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इसके लिए टूथपेस्ट को दाग पर मलें और कुछ देर रखे रहने के बाद धो लें। दाग अब भी नजर आए तो टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा मिलाकर कपड़े पर लगाएं।

# सूर्य को कैसे अर्पित करें जल?



शास्त्रों में कहा गया है कि सूर्य की पूजा करने से भाग्योदय होता है। हिंदू धर्म में सूर्य को देवता की तरह पूजा जाता है। ज्यादातर लोग सुबह पूजा पाठ करने के बाद सूर्य को जल चढ़ाते हैं। सूर्य को जल देने से भाग्योदय होता है और मान सम्मान में वृद्धि होती है। इसके अलावा यदि विवाह में देर हो रही है तो नियमित सूर्य को जल देने से शीघ्र ही अच्छे रिश्ते आते हैं। लेकिन सूर्य को जल चढ़ाने का सही तरीका क्या यह बहुत ही कम लोग जानते हैं।

### तांबे के पात्र से करें जल अर्पित

पुराणों और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य देवता को हमेशा ताँबे के पात्र से ही जल अर्पित करना चाहिए। साथ ही सूर्य को जल हमेशा प्रातःकाल जल्दी स्नान आदि करने के बाद चढ़ाना चाहिए। कई लोग सूर्य को दोपहर तक जल अर्पित करते हैं, यह सही नहीं है। धर्माचार्यों का कहना है कि सूर्य को जल प्रातः 11 बजे तक अर्पित करना सही रहता है, तभी इसका फायदा मिलता है।

### पूर्व दिशा की ओर हो मुख

सूर्य को जल देते समय **ऊं आदित्य नमः** मंत्र या **ऊं घृणि सूर्याय नमः** मंत्र का जाप करना चाहिए। ध्यान रहे सूर्य को जल देते समय आपका मुख पूर्व दिशा की ओर हो। जल में रोली या फिर लाल चंदन का प्रयोग करें। इसके अलावा लाल फूल भी सूर्य देव को अर्पित करना शुभ माना जाता है।

### इस मंत्र का करें जाप

सूर्य को जल चढ़ाने के साथ ऊँ नमो भगवते **श्री सूर्याय क्षी तेजसे नमः, ऊँ खेचराय नमः** मंत्र का जाप करने से बल, बुद्धि, विद्या और दिव्यता प्राप्त होगी। इसके अलावा रोजाना सूर्य को जल चढ़ाने से सूर्य देव का प्रभाव शरीर में भी बढ़ता है। इससे आप में ऊर्जा की वृद्धि होती है।

### होती है आत्मशुद्धि

धार्मिक मान्यता है कि प्रतिदिन सूर्य को जल देने से आत्म शुद्धि और बल की प्राप्ति होती है। साथ ही समाज में मान सम्मान बढ़ता है।

# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज अभिषेक शांडिल्य ने किया 'लोकतंत्र प्रहरी' और एसआर हॉस्पिटल का संयुक्त कैलेंडर 2026 का भव्य विमोचन

## दुर्ग रेंज आईजी अभिषेक शांडिल्य से लोकतंत्र प्रहरी मीडिया की मुलाकात, पुलिस-मीडिया समन्वय पर हुआ विमर्श

**दुर्ग।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने 23 जनवरी को विधिवत रूप से, दुर्ग रेंज का कार्यभार ग्रहण किया है । इस अवसर पर गुरुवार को दुर्ग एस.आर.हॉस्पिटल एन्ड कॉलेज के चेयरमेन एवं लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रु के प्रधान संपादक संजय तिवारी अपनी टीम के साथ उनके कार्यालय पहुंचकर पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें बधाईयां दीं।







इस दौरान एस.आर.हॉस्पिटल एन्ड कॉलेज के चेयरमेन एवं लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप के प्रधान संपादक संजय तिवारी ने नववर्ष की प्रकाशित कैलेंडर एवं डायरी भेंट की. जिसका पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने एस.आर.हॉस्पिटल एन्ड कॉलेज के चेयरमेन एवं लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप के कैलेंडर का विमोचन किया और प्रधान संपादक संजय तिवारी सहित लोकतंत्र प्रहरी मीडिया की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी.

इस दौरान समाजसेवी विष्णु पाठक, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमल किशोर शर्मा एवं लोकतंत्र प्रहरी से सुरेंद्र ठाकुर ,नाहीद शेख भी मौजूद रहे.

विमोचन कार्यक्रम के उपरांत समाज एवं क्राइम पर विस्तार से चर्चा भी हुई। जिसमें पुलिस और मीडिया के आपसी सामंजस्य से अपराध की रोकथम में अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाने की बातें भी हुई . चर्चा के दौरान एक बात निकलकर सामने आई कि.शहर में हो रहे अपराध का मुख्य कारण नशे का बाजार है.जो समूचे छत्तीसगढ़ में बड़ी तेजी से पांव पसार रहा है.हालाकिं , पुलिस इस कारोबार में लगाम कसने में काफी हद तक सफलता पाई है.बावजूद अन्य राज्यों के तस्करों की छत्तीसगढ़ के दुर्ग भिलाई में आमद बनी हुई है.आये दिन अन्य राज्यों के तस्करों की धरपकड़ हो रही है.इसी विषय को लेकर काफी देर तक चर्चा हुई.

# जौग में पांच दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह मे सम्मिलित हुए विधायक दीपेश साहू

## 15.30 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**बेमेतरा।** बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जौग में आयोजित पाँच दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण समारोह के पावन अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस शुभ अवसर पर विधायक साहू ने ग्राम में लगभग 15.30 लाख की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक साहू ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन परंपराओं को सशक्त करते हैं तथा समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। रामचरित मानस केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, मर्यादा, सेवा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला आदर्श है। उन्होंने कहा कि ग्राम जौग सहित पूरे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का संतुलित और सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक साहू ने आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को सफल आयोजन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएँ भी प्रेषित कीं। भूमिपूजन के अंतर्गत सी.सी. रोड निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य शामिल हैं, जिनके पूर्ण होने से ग्रामवासियों को आवागमन तथा दैनिक जीवन में उल्लेखनीय सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में अश्वनी साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत जौग), मन्नूलाल, लक्ष्मी साहू, अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्राम पंचायत के

# दुर्ग के पुरई में लगा नेशनल कैंप, 09 दिनों तक हुई खो-खो की पाठशाला

## खेलगांव में स्पोर्ट्स का बड़ा इवेंट, यहां दम दिखाकर नेशनल के लिए पहुंचे प्लेयर्स

**भिलाई।** स्पोर्ट्स हब दुर्ग जिले की खेलधानी पुरई में नेशनल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पूरे छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में अंडर-14 एज ग्रुप के बॉयज प्लेयर्स ने भाग लिया। अपने-अपने जिले से सलेक्ट होकर पुरई के नेशनल कैंप के लिए पहुंचे प्लेयर्स ने 09 दिनों तक दमखम दिखाया। इस दौरान नेशनल से लेकर इंटरनेशनल प्लेयर्स और खो-खो के नामचीन प्रशिक्षकों के द्वारा प्लेयर्स को ट्रेनिंग दी गई।

छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ के तत्वावधान में सब जूनियर अंडर-14 नेशनल कोचिंग कैंप का आयोजन सत्या खो-खो क्लब पुरई के संयोजन और नेतृत्व में आयोजित किया गया। यह कैंप 21 जनवरी से 29 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। सत्या खो-खो क्लब पुरई के संरक्षक और लीड कोच भुनेश्वर साहू ने बताया कि यह सौभाग्य की बात है कि नेशनल के लिए कोचिंग कैंप की मेजबानी खेलधानी दुर्ग जिले को मिली है। इसके लिए हम लोगों ने काफी



मेहनत की। अलग-अलग जिलों से सलेक्ट होकर पहुंचे प्लेयर्स को हमारी अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा तराशने और उनके खेल कौशल को निखारने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि हमारी इच्छा है कि अब हम नेशनल कोचिंग कैंप से आगे बढ़ते हुए नेशनल और फिर इंटरनेशनल टूर्नामेंट की मेजबानी दुर्ग जिले में कराई जा सके। इसलिए हमारी टीम और प्रशिक्षक भरसक प्रयास कर रहे है।

**सात जिले के 30 प्लेयर पहुंचे** – मुख्य कोच भुनेश्वर साहू ने बताया कि कोचिंग कैंप से पहले हरेक जिले में प्लेयर्स का सलेक्शन किया गया। ताकि हर जिले से बेहतर प्लेयर निकलकर आ पाए। यहां प्रदेश भर के चुनिंदा प्लेयर्स को ही मौका मिल पाया। उन्होंने बताया कि कैंप में नारायणपुर, कांकेर, रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और दुर्ग जिले के सलेक्टेड प्लेयर्स ने कैंप में हिस्सा लिया। कैंप में कुल 30 प्लेयर्स ने हिस्सा लिया।

**हरियाणा में होगा नेशनल टूर्नामेंट** – भुनेश्वर साहू ने बताया कि कैंप के लिए सलेक्टर्स द्वारा छत्तीसगढ़ की टीम का गठन शीघ्र किया जाएगा। सलेक्टेड टीम नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी। 35वीं नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में आगामी 31 जनवरी से लेकर चार फरवरी तक किया जाएगा।

**इनकी रही महती भूमिका**- इस नेशनल कैंप में पुरई के सरपंच डोमार सिंह साहू, उप सरपंच शीतला ठाकुर, सत्या खो-खो क्लब के अध्यक्ष गुलाब साहू, सत्या खो-खो क्लब के उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू और साहू समाज के अध्यक्ष दीनानाथ साहू, सुखित राम यादव, क्लब के संरक्षक और ग्राम के पंच छबिलाल साहू, बिसौहा राम पटेल, बलदाऊ राम साहू, खो-खो नेशनल-इंटरनेशनल प्लेयर्स, निर्णायक, प्रशिक्षक और पुरई सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**खो-खो की बारीकी से कराया अवगत, डेली हुए मैच**- जनरल सर्किट ट्रेनिंग, स्पेसिफिक सर्किट ट्रेनिंग, ऑन बॉडी स्ट्रैंथ एक्सरसाइज, लैडर एक्सरसाइज, एजिलिटी एक्सरसाइज, स्टेयर रनिंग, वेट ट्रेनिंग जैसी अति महत्तवपूर्ण ट्रेनिंग दी गई। साथ ही रोजाना कम से कम दो-दो मैच कराए गए। इसमें क्लब के सीनियर प्लेयर और कोच थालेश्वर साहू, मोरध्वज पटेल, गजेन्द्र साहू और ठाकुर राम साहू की अहम भूमिका रही।

# विद्यार्थियों के वायरल फोटो ने उड़ाये विभाग के होश नाबालिग विद्यार्थी उड़ा रहे यातायात नियमों की धज्जी

## यातायात माह में भी नहीं हो रहा नियमों का पालन

**डोंगरगांव नगर।** नगर में यातायात नियमों का पालन कराना जिम्मेदार विभागों के लिए लगातार चुनौती बनता जा रहा है। कॉलेज व स्कूल के विद्यार्थी व नाबालिग वाहन चालक खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। बिना हेलमेट बाइक चलाना, एक ही बाइक पर तीन चार सवारियां बैठाना तथा नाबालिगों द्वारा दोपहिया वाहन चलाना अब आम दृश्य बन चुका है, लेकिन इसे रोकने के लिए ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। दरअसल सुबह व शाम के समय नगर के स्कूलों व कॉलेजों के आसपास की सड़कों पर हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक हो जाते हैं। तेज रफ्तार बाइक, स्टंटबाजी और यातायात नियमों की अनदेखी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विद्यार्थी और नाबालिगों की इस लापरवाही से आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। पैदल चलने वालों, बुजुर्गों और महिलाओं को



सड़क पार करना मुश्किल हो गया है। अभिभावक भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, लेकिन जागरूकता और सख्ती के अभाव में स्थिति जस की तस बनी हुई है। यातायात विशेषज्ञों के अनुसार बिना हेलमेट, निर्धारित संख्या से अधिक सवारी और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से दुर्घटना की स्थिति में जान जाने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसके बावजूद नियम तोड़ने

### विभाग को आईना दिखा रही फोटो

*विडंबना तो ये है कि यातायात माह के दौरान भी नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं कराया जा सका है। वायरल फोटो तो यही बयां कर रही है, हालांकि स्कूल और कॉलेज प्रबंधन को भी छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। नाबालिग वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई, अभिभावकों की जवाबदेही तय करना, नियमित चेकिंग और चालानी कार्रवाई के साथ जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है।*

# मोहतरा में श्री मद् भागवत 29 जनवरी से

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बाबा महोतरा में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 29 जनवरी से 6 फरवरी किया जा रहा है पूर्व सरपंच मोहन साहू के द्वारा किया जा रहा है की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है तैयारी को विशेष बनाने के लिए साहू परिवार जुटा हुआ है पूर्व सरपंच मोहन साहू के सुपुत्र स्वर्गीय शुभम साहू के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा व्यास राधा कृष्ण मंदिर बेमेतरा के महंत सुखदेव शास्त्री जी के कृपा पात्र शिष्य एवं उत्तराधिकारी संत श्री गणेश्वर शास्त्री जी महाराज कथा वाचन करेंगे और भगवान के दिव्य कथा को श्रवण करेंगे पूर्व में भी बाबा मोहतरा में महाराज श्री की कथा हुई अपार भक्तजन कथा सुनने के लिए पहुंचते थे और बड़ा भव्य आयोजन पिछले वर्ष भी हो चुका है इसी को देखते हुए



जनमानस में बड़ा ही उत्साह देखने को मिल रहा है 29 तारीख को बेदी पूजन के पश्चात प्रातः 11:00 बजे जल यात्रा प्रारंभ होगी गोकर्ण की कथा होगी अगले दिन 30 तारीख शुक्रवार श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होगी व्यास जी का चरित्र महाभारत कथा परीक्षित जन्म आदि की कथा सुनाई जाएगी 31 जनवरी शनिवार वराह चरित्र कपिल गीता सती चरित्र ध्रुव जी का चरित्र आदि कथाओं का वर्णन किया जाएगा 1 फरवरी रविवार को पृथू चरित्र अजामिल चरित्र जड़ भरत चरित्र जड़ भरत चरित्र आदि प्रसंगों को सुनाया जाएगा 2 फरवरी सोमवार को गजेंद्र मोक्ष वामन चरित्र श्री राम कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा 3 फरवरी मंगलवार को श्री कृष्ण के बाल लीला माखन चोरी लीला महाराष् लीला आदि का दिव्य वर्णन किया जाएगा 4 फरवरी बुधवार कंस वध मथुरा लीला जरासंध कलेवंत युद्ध द्वारिका गण रुक्मणी विवाह आदि महोत्सव मनाया जाएगा 5 फरवरी गुरुवार सुदामा चरित्र बाणासुर कथा राजस्व यज्ञ परमधाम गण परीक्षित मोक्ष फूलों की होली होगी वृंदावन की दिव्या झांकी के साथ फूलों की होली के साथ भगवान के दिव्या मंगल महोत्सव मनाया जाएगा 6 फरवरी शुक्रवार सहस्त्रधारा वार्षिक श्राद्ध का कार्यक्रम किया जाएगा साहू परिवार के द्वारा समस्त जनमानस भक्त जनों से निवेदन किया

# खदान श्रमिक संघ और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दल्ली राजहरा ने मनाया गणतंत्र दिवस

**दल्लीराजहरा।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खदान श्रमिक संघ और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दल्ली राजहरा द्वारा दल्ली राजहरा मुख्य मार्ग में स्थित (मोजेस भवन) कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ समारोह आयोजित किया गया।

श्रमिक संगठनों द्वारा गणतंत्र दिवस मनाना न केवल संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करता है, बल्कि यह लोकतंत्र में मजदूरों की भागीदारी और उनके अधिकारों की एकता को भी दर्शाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव और छत्तीसगढ़ राज्य खदान श्रमिक संघ के महासचिव अनिल यादव के द्वारा भारत माता व भगत सिंह के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके साथ साथ कामरेडों द्वारा देशभक्ति गीत गा कर सभी श्रमिक साथियों का उत्साह और जोश बढ़ाया गया इस अवसर पे संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा,कार्यकारी अध्यक्ष अजय नारायण मिश्रा,कार्यकाल सचिव गौतम बेरा, वरिष्ठ सदस्य प्रभात कुमार,मुकुल वर्मा, चंद्र शेखर, इंद्र कुमार साहू, निशांत सूर्यवंशी, दीपक पटनायक, अमरिक सिंग, पवन खोबरागडे, विनोद आरडे,राजेश मीणा,विजेंद्र मीणा,त्रिलोकीनाथ, राहुल यादव, हरीशंकर राव,बलवंत राय,राकेश सोनटेके,मंगल के साथ सैकड़ों सदस्यों के साथ स्कूली बच्चे भी शामिल हुए।

# क्रिकेट स्पर्धा में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

**बेमेतरा।** नगर पंचायत कुसमी एवं ग्राम गुनरबोड़ द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए क्रिकेट प्रतियोगिता का विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि खेल जहां हमें आपस में मिलजुल कर रहने और सामाजिक सौहार्द की भावना को जागृत करता है वहीं दूसरी ओर खेल के माध्यम से कहीं ना कहीं हम अपनी संस्कृति से भी जुड़ते हैं इस तरह के खेल के आयोजन से न केवल नगर में हर्षो उल्लास का वातावरण बना रहता है बल्कि नगर के युवा वर्ग को भी खेल के प्रति उत्साह एवं रुचि मिलती है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आयोजन कर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए जिससे



लोगों में खेल के साथ-साथ अपने शारीरिक स्वास्थ्य को भी लेकर जागृति बनी रहे इस अवसर पर चंद्र प्रकाश साहू रवि परगनिया संतोष साहू बोधन लाल साहू देवकुमार साहू यशवंत साहू नवीन साहू प्रकाश प्रवीण तीर्थ ओमकार आकाश जयप्रकाश पियूष मयंक विनय चित्रेन वर्मा धनेश्वर वर्मा धरम यादव झालेद वर्मा भोजेंद्र वर्मा महेश यादव कुणाल वर्मा मिसाल वर्मा तुषार वर्मा जीतू यादव लेखराम यादव केशु वर्मा पिंटू यादव अरुण नानू ध्रुव रवी शंकर सगरवंशी रिंकू साहू नेमचंद् सगरवंशी रवि साहू कबीर कुणाल विशाल सेन तिलक ध्रुव उत्तम मानिकपुरी रवि मानिकपुर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# वन परिक्षेत्र के कंजेली से 35 एकड़ वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा वन परिक्षेत्र के कंजेली परिसर (कक्ष क्र. 55 आर.एफ) में वन विभाग द्वारा पुलिस, प्रशासन एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सहयोग से अतिक्रमण के प्रयास को विफल करते हुए 24 जनवरी को लगभग 35 एकड़ वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को अतिक्रमण की सूचना प्राप्त हुई। इस पर तत्पश्चात अधिकारियों द्वारा फील्ड का निरीक्षण किया गया एवं वन प्रबंधन समिति के साथ कार्ययोजना बनायी गई। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वालों पर प्रकरण कायम कर भारतीय वन अधिनियम 1927 के





तहत कार्यवाही की जा रही है एवं वसूली की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय वन अमले पर भी जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित बीडगार्ड को निलंबित किया गया एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी को भी उनके कार्य क्षेत्र से हटाया गया है।

# UGC के नए नियमों के खिलाफ आक्रोश : राजपूत क्षत्रिय महासभा ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत समानता के नाम पर लागू किए गए नए नियमों का विरोध अब तेज हो गया है। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ (रहटादह) ने इन नियमों को 'अव्यवहारिक' और 'एकपक्षीय' बताते हुए सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम गुरुवार को दुर्ग कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा है। मुख्यमंत्री और कलेक्टर के माध्यम से भेजे गए इस ज्ञापन में 13 जनवरी 2026 से प्रभावी नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है।

**सीधी कार्रवाई पर आपत्ति**- महासभा के प्रतिनिधि दीपक सिंह राजपूत, सत्येंद्र राजपूत, नरेंद्र सिंह राजपूत एवं अन्य पदाधिकारियों ने नियमों की विसंगतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नए प्रावधानों के तहत सामान्य वर्ग के छात्रों और प्राध्यापकों के




विरुद्ध शिकायतों पर बिना पक्ष सुने सीधे कार्रवाई संस्थित करने का भय है। महासभा के अनुसार, आरोपी पक्ष को अपना पक्ष रखने का अवसर न देना 'प्राकृतिक न्याय' के सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन है।

**झूठे आरोपों की आशंका**- ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि इन प्रभावी नियमों के कारण सामान्य संवर्ग के लोगों पर झूठे आरोप-प्रत्यारोप लगाकर उन्हें फंसाए जाने की प्रबल आशंका है। राजपूत क्षत्रिय महासभा ने तर्क दिया है कि शिक्षण संस्थानों में अनुशासन और समानता जरूरी है, लेकिन वह किसी एक पक्ष के हितों की अनदेखी कर नहीं होनी चाहिए।

**समानता के अधिकार की मांग**- महासभा ने प्रधानमंत्री से विनम्र अनुरोध किया है कि 'समानता के अधिकार' के तहत सवर्ण समुदाय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के हितों का संवर्धन सुनिश्चित किया जाए। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ ने सामूहिक रूप से इस नए नियम को अस्वीकार करते हुए इसे वापस लेने की पुरजोर अपील की है।

## वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई

**दल्लीराजहरा।** भारत की राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा माने जाने वाले वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ नगर में गरिमामय वातावरण में श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से वंदे मातरम् के गान से हुई, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अमर गीत की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 19वीं सदी में की थी। यह गीत भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणास्रोत बना। वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति सम्मान, समर्पण और आत्मबल का प्रतीक है, जिसने देशवासियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में भी वंदे मातरम् का प्रभाव उतना ही प्रासंगिक है। यह गीत नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम, एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com